# विशाल इंडिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 208 | गौतमबुद्धनगर, बुधवार 26 जून 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3

नोएडा प्राधिकरण का 7 हजार करोड़ का बजट





P- 4

बुलंदशहर में आलू व्यापारी की गोली मारकर हत्या





P- 5

अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से रूस पर बड़ा एशन, यूक्रेन में नागरिकों





P- 6

बांग्लादेश पर अफगानिस्तान की जीत के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट




## हैप्पी मॉर्निंग


साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार के ला सकते हो? जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ। मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं.. साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी?



## शायरी

छत टपकती हैं उसके कच्चे मकान की,
फिर भी बारिश हो जाये, तमन्ना हैं किसान की!

## अर्थसार



सेंसेक्स:
78,053.52
+712.45 (0.92%)
निफ्टी:
23,721.30
+183.45

## मौसम



अधिकतम : 35 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से
सूर्योदय गुरुवार : 5 : 28
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 30

# दो रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ नंदनी दूध

**गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही कर्नाटक सरकार ने ईंधन की कीमतों में की गई बढ़ोतरी की थी।**



एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) ने मंगलवार को दूध की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा की।

केएमएफ के अध्यक्ष भीमा नाइक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में इस बात की जानकारी दी। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही कर्नाटक सरकार ने ईंधन की कीमतों में की गई बढ़ोतरी की थी। बढ़ी हुयी कीमत 26 जून से प्रभावी होगी।

कर्नाटक में 26 जून से एक लीटर नंदिनी दूध की कीमत बढ़कर 44 रुपये हो जाएगी।

राज्य में एक साल से भी कम समय में दूसरी बार दूध के दाम में वृद्ध हुयी है। गत वर्ष जुलाई में नंदनी दूध के दाम में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई थी। नाइक ने दूध की कीमत में बढ़ोतरी का बचाव करते हुए कहा कि दूध की कीमत में वृद्धि एक लीटर के पाउच में 1,050 मिलीलीटर दूध उपलब्ध कराने पर आने वाली लागत को कवर करने के लिए है।

उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी के बावजूद कर्नाटक के दूध की कीमतें पड़ोसी राज्यों की तुलना में कम बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि केएमएफ द्वारा बेचे जाने वाले दही और अन्य दूध उत्पादों की कीमतें अपरिवर्तित रहेंगी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता आर अशोक सहित विपक्षी दलों के विभिन्न नेताओं ने इस कदम की निंदा की है। अशोक ने राज्य सरकार पर पहले से ही बढ़ती ईंधन लागत और मुद्रास्फीति के दबाव से जूझ रहे नागरिकों पर बोझ डालने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, सिद्दारमैया सरकार ने सत्ता में आने के 13 महीनों के भीतर दूध की कीमतों में दो बार बढ़ोतरी की है।

उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब लोग पहले से ही पेट्रोल, डीजल और सब्जियों की बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं, यह बढ़ोतरी उनकी वित्तीय परेशानियों को और बढ़ा देगी। हम सरकार से मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोगों की परेशानियों को देखते हुए इस फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह करते हैं।

# राहुल लोकसभा में नेता विपक्ष

## 2 दिन में 535 सांसदों ने शपथ ली, 8 बाकी; लोकसभा स्पीकर का चुनाव आज

नई दिल्ली। राहुल गांधी लोकसभा में नेता विपक्ष होंगे। इंडिया की बैठक के बाद रात 9: 30 बजे इसका ऐलान किया गया। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल का नाम प्रोटेम स्पीकर को भेज दिया गया है।

उधर, संसद सत्र के दूसरा दिन भी सांसदों को शपथ दिलाई गई। अब तक कुल 535 सदस्यों ने लोकसभा की सदस्यता ली। 8 सांसद शपथ नहीं ले सके।

इनमें टीएमसी के शत्रुघ्न सिन्हा, दीपक अधिकारी और शेख नुरुल इस्लाम, सपा के अफजल अंसारी, कांग्रेस सांसद शशि थरूर, निर्दलीय अमृतपाल सिंह और शेख अब्दुल राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद शामिल हैं। सिंह और राशिद फिलहाल जेल में हैं। लोकसभा स्पीकर का चुनाव कल होगा। वोटिंग सुबह 11 बजे से होगी।



नाराज विपक्ष ने एनडीए के स्पीकर कैंडिडेट ओम बिरला के खिलाफ के. सुरेश को उतार दिया। विपक्ष का आरोप है कि कांग्रेस ने डिप्टी स्पीकर पद की मांग की, इस पर भाजपा ने जवाब नहीं दिया।

उधर, भाजपा ने कहा कि कांग्रेस डिप्टी स्पीकर के पद पर अभी से सहमति चाह रही थी। भाजपा-कांग्रेस ने अपने सभी सांसदों के लिए व्हिप भी जारी कर दिया।

### संसद में जय फिलिस्तीन, जय हिन्दू राष्ट्र का नारा लगा

संसद सत्र के दूसरे दिन सांसदों के शपथ की भी खूब चर्चा हुई। हैदराबाद से एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने जय भीम, जय मीम और जय फिलिस्तीन का नारा लगाया। भाजपा के बरेली से सांसद छत्रपाल गंगवार ने जय हिन्दू राष्ट्र का नारा लगाया। इसे रिकॉर्ड से हटा दिया गया। मथुरा से बीजेपी सांसद हेमा मालिनी ने राधे राधे से शपथ की शुरुआत की। टीवी के राम और मेरठ से भाजपा सांसद अरुण गोविल ने संस्कृत में शपथ ली। उनके आते ही जय श्रीराम के नारे लगाए गए। लोजपा (रामविलास) की सांसद शांभवी ने शपथ पत्र देखे बिना शपथ ली।

सांसदों के शपथ के दौरान राहुल गांधी ने जय हिन्द और जय संविधान का नारा लगाया।

### राहुल बोले- डिप्टी स्पीकर का पद दें, हम स्पीकर का समर्थन करेंगे

संसद सत्र का दूसरा दिन शुरू होने से पहले ही स्पीकर को लेकर खबरें सामने आने लगीं। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को फोन किया और एनडीए कैंडिडेट के लिए समर्थन मांगा। खड़गे ने कहा- डिप्टी स्पीकर का पद दीजिए, समर्थन देंगे। राहुल संसद पहुंचे और मीडिया से कहा- राजनाथ जी ने खड़गे जी को फोन किया था। हमने अपनी मांग रखी है।

# नीट पेपर लीक मामले में 4 राज्यों से 26 गिरफ्तारियां

## 8 आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई टली, मास्टरमाइंड संजीव मुखिया अभी फरार

नीट पेपर लीक मामले में 8 आरोपियों की जमानत याचिका पर मंगलवार को पटना एडीजे-5 कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट में सरकारी वकील ने बताया कि यह केस अब सीबीआई के पास चला गया है। जिस पर कोर्ट ने कहा कि इसकी जानकारी ऑर्डर पेपर के साथ दें। पेपर मिलने के बाद मामले की सुनवाई सीबीआई की विशेष अदालत ही करेगी। अगली सुनवाई 2 जुलाई को होगी। पेपर लीक मामले में अब तक 13 आरोपी बिहार से और 6 झारखंड के देवघर से गिरफ्तार किए गए हैं। इन्हीं में से आठ आरोपियों ने कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी लगाई थी।

इस मामले में मास्टरमाइंड संजीव मुखिया की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उसने कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई है। इस पर कोर्ट ने 15 जुलाई की




तारीख तय की थी। अगर मामला सीबीआई के पास जाता है तो अग्रिम जमानत की अर्जी सीबीआई की अदालत में ही लगानी होगी।

# कल्लाकुरिची शराब त्रासदी : मृतकों की संख्या 59 हुई

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब त्रासदी में मंगलवार को सलेम के सरकारी मोहन कुमारमंगलम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक और व्यक्ति की मौत के साथ मृतकों की संख्या बढ़कर 59 हो गयी।

साथ ही अपराध शाख-अपराध जांच विभाग (सीबी-सीआईडी) ने पीड़ितों के बयान दर्ज करके अपनी जांच तेज कर दी है।

यहां प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार 59 में से 32 लोगों की मौत सरकारी कल्लाकुरिची मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में, सलेम सरकारी अस्पताल में 20, मुंडियाम्बक्कम के सरकारी विल्लुपुरम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चार और पुडुचेरी के जेआईपीएमईआर में तीन लोगों की मौत हुई है।

मेथनॉल के साथ मिली नकली शराब पीने वाली पांच महिलाओं सहित कुल 155 लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

मामले की जांच कर रही सीबी-सीआईडी ने अब तक 12 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

विपक्षी दल इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग कर रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा अन्नाद्रमुक ने इस संबंध में राज्यपाल आर. एन. रवि को आवेदन दिया है।

सीबी-सीआईडी पुलिस की एक विशेष टीम ने आज अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों के बयान लिए।

**जमानत पर रोक** — **ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटा, कहा- बेल देते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया**

# केजरीवाल जेल में ही रहेंगे, हाईकोर्ट ने जमानत नहीं दी

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अभी तिहाड़ जेल में ही रहेंगे। हाईकोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि दलीलों पर सही ढंग से बहस नहीं हुई थी, इसलिए राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को रद्द करते हैं। फैसले को देखकर ऐसा लगता है कि केजरीवाल को जमानत देते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। अदालत को ईडी को बहस करने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए था। उधर, आम आदमी पार्टी का कहना है, हम हाईकोर्ट के फैसले से सहमत नहीं हैं। हम सुप्रीम कोर्ट




जाएंगे। जमानत पर आदेश को इस तरह से नहीं रोका जा सकता, सुप्रीम कोर्ट ने भी कल यही कहा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को बेल दी थी, लेकिन श्वष्ठ की याचिका पर हाईकोर्ट ने 21 जून को रोक लगा दी थी। अब कल (बुधवार को) सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सीएम की जमानत याचिका पर फैसला होगा।

### हाईकोर्ट की 4 बड़ी टिप्पणियां

1. ट्रायल कोर्ट की टिप्पणी पर विचार नहीं किया जा सकता, पूरी तरह से अनुचित है। यह दर्शाता है कि ट्रायल कोर्ट ने सामग्री पर अपना दिमाग नहीं लगाया है।
2. इस बात पर मजबूत तर्क दिया गया कि जज ने धारा 45 पीएमएलए की दोहरी शर्त पर विचार-विमर्श नहीं किया।
3. ट्रायल कोर्ट को ऐसा कोई निर्णय नहीं देना चाहिए जो हाईकोर्ट के फैसले से उलट हो।
4. ट्रायल कोर्ट ने धारा 70 पीएमएलए के तर्क पर भी विचार नहीं किया है।

### सीबीआई ने तिहाड़ में केजरीवाल से पूछताछ की

नई दिल्ली। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी के बाद अब सीबीआई गिरफ्तार कर सकती है। सीबीआई ने मंगलवार (25 जून) को तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल से दिल्ली शराब नीति से जुड़े करप्शन केस में पूछताछ की और उनका स्टेटमेंट रिकॉर्ड किया था। सीबीआई को ट्रायल कोर्ट में केजरीवाल की पेशी की इजाजत भी मिल गई है। केजरीवाल को आज यानी 26 जून को कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, कोर्ट में पेशी के दौरान उन्हें आधिकारिक तौर पर गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। मंगलवार (25 जून) की देर रात मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, बाद में पता चला कि जांच एजेंसी ने उनसे सिर्फ पूछताछ की और तिहाड़ से वापस लौट गई। सीबीआई और ईडी ने दिल्ली शराब नीति मामले में कथित अनियमितताओं को लेकर अगस्त 2022 में केस दर्ज किए थे। ईडी ने 21 मार्च को शराब नीति मामले में केजरीवाल को उनके घर से गिरफ्तार किया था।

# पोर्श एक्सीडेंट केस में नाबालिग को जमानत मिली

पुणे। पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में बॉम्बे हाईकोर्ट ने 25 जून आरोपी नाबालिग को जमानत दे दी है। साथ ही उसे बाल सुधार गृह से तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हमें आरोपी के साथ वैसे ही पेश आना होगा, जैसे हम कानून का उल्लंघन करने वाले किसी और बच्चे के साथ पेश आते। फिर चाहे अपराध कितना भी गंभीर क्यों न हो।

नाबालिग आरोपी ने 18-19 मई की रात पुणे के कल्याणी नगर इलाके में आईटी सेक्टर में काम करने वाले बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना के समय आरोपी नशे में था। वह 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पोर्श स्पोर्ट्स कार चला रहा था। उसे 22 मई को बाल सुधार गृह भेजा गया था।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने यह आदेश आरोपी लड़के की आंटी की तरफ से दाखिल याचिका पर दिया। पिछले हफ्ते दाखिल की गई इस याचिका में कहा गया था कि लड़के को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया है। उसे तुरंत रिहा किया जाना चाहिए।

याचिका में यह भी कहा गया था कि लोगों के गुस्से और राजनीतिक एजेंडे के चलते पुलिस जांच के सही रास्ते से भटक गई। इस वजह से जुवेनाइल जस्टिस (केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन) एक्ट का उद्देश्य पूरा नहीं हो सका।

# सीजेआई चंद्रचूड़ ने कोर्ट में लंबित मामलों पर जताई चिंता

## लोगों से की लोक अदालत का लाभ लेने की अपील

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने 29 जुलाई से छह दिन सुप्रीम कोर्ट में विशेष लोक अदालत लगाने की घोषणा करते हुए कहा कि बेहिसाब लंबित मामलों को लेकर वह बहुत चिंतित हैं।

### सीजेआई ने नागरिकों और वकीलों से की ये अपील

उन्होंने देश के नागरिकों और वकीलों से इन परिस्थितियों का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट में विवाह और संपत्ति पर समझौते से जुड़े मामले, सड़क दुर्घटना के दावों, भूमि अधिग्रहण, मुआवजे, सेवा व श्रम से जुड़े मामलों के द्रुत गति से निस्तारण पर लोक अदालत में काम होगा।

### कब से लगेगी विशेष लोक अदालत?

सीजेआई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को कहा कि आगामी 29 जुलाई से तीन अगस्त तक एक विशेष लोक अदालत



चलेगी। सर्वोच्च अदालत पिछले 75 सालों से समय-समय पर श्रृंखलाबद्ध तरीके से ऐसी गतिविधियां चलाती रही है।

लंबित मामलों के ढेर देखते हुए इस न्यायिक संस्था के सभी जज इस लोक अदालत के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे।

### नागिरकों को मिलता है संतोषजनक न्याय

उन्होंने कहा कि लोक अदालत एक बहुत ही अनौपचारिक और तकनीक आधारित विधि से मामलों का समाधान करती है। इससे जुड़े हमारे नागरिकों को इस न्यायिक प्रणाली से ऐच्छिक रूप से संतोषजनक न्याय मिलता है। उन्होंने सभी नागरिकों और वकीलों से अपील की है कि वह मामलों के जल्द निपटारे के लिए उस सुविधा का अधिकाधिक लाभ लें।

### विशेष लोक अदालत के जरिये मिलता है इन लोगों को तुरंत मौका

मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि अपने सहयोगियों और सुप्रीम कोर्ट के कर्मचारियों की ओर से वह सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि जिन लोगों के भी मामले अदालतों में लंबित हैं, वह इस अवसर का लाभ लेते हुए अपने उन विवादों के शीघ्र निपटारे के लिए लोक अदालत में अपना मामले रखें।

विशेष लोक अदालत के जरिये लंबित मामलों से परेशान लोगों को त्वरित गति से सुनवाई का अवसर मिलता है।




# संपादकीय

## कट्टरता : समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा

**कट्टरता की आग में, जलता है संसार, मिलजुल कर जीना ही, है सबसे बड़ा उपहार।**



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

कट्टरता, चाहे वह धार्मिक हो, राजनीतिक हो, या सामाजिक हो, समाज के लिए अत्यंत खतरनाक साबित हो सकती है। यह न केवल हिंसा और आतंकवाद को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में विभाजन, मानवाधिकारों का उल्लंघन, आर्थिक अवरोध, और शिक्षा एवं विकास में भी बाधा उत्पन्न करती है।

### हिंसा और आतंकवाद

कट्टरता का सबसे घातक परिणाम हिंसा और आतंकवाद है। उदाहरण के लिए, 9/11 के हमले में धार्मिक कट्टरता ने हजारों निर्दोष लोगों की जान ली और वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का एक नया युग शुरू किया। इसी तरह, अफगानिस्तान में तालिबान का शासन धार्मिक कट्टरता का प्रतीक है, जिसने देश को दशकों पीछे धकेल दिया है।

**सजीव उदाहरण :** तालिबान का कब्ज़ा अफगानिस्तान पर, जहां लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया गया, महिलाओं की स्वतंत्रता छीनी गई, और कट्टरपंथी कानून लागू किए गए। इसने देश को सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया।

### समाज में विभाजन

कट्टरता समाज को विभाजित करती है। उदाहरण के लिए, भारत में सांप्रदायिक दंगे और पाकिस्तान में शिया-सुन्नी हिंसा, दोनों ही धार्मिक कट्टरता के परिणाम हैं। ये घटनाएँ समाज में नफरत और अविश्वास का माहौल पैदा करती हैं, जिससे सामाजिक ताना-बाना कमजोर होता है।

**सजीव उदाहरण :** भारत के गुजरात दंगे (2002) और पाकिस्तान में शिया-सुन्नी संघर्ष, जिन्होंने दोनों देशों में सामाजिक विभाजन और नफरत को बढ़ावा दिया।

### मानवाधिकारों का उल्लंघन

कट्टरता मानवाधिकारों का उल्लंघन करती है। उदाहरण के लिए, सऊदी अरब में धार्मिक कट्टरता के कारण महिलाओं के अधिकारों का हनन होता है। इसी तरह, चीन में उइगर मुस्लिमों के खिलाफ अत्याचार धार्मिक कट्टरता का परिणाम है।

**सजीव उदाहरण :** सऊदी अरब में महिलाओं को गाड़ी चलाने की अनुमति न होना और चीन में उइगर मुस्लिमों को नजरबंद शिविरों में रखा जाना, जहां उनके धार्मिक और सांस्कृतिक अधिकारों का हनन होता है।

### आर्थिक प्रभाव

कट्टरता का आर्थिक प्रभाव भी होता है। आतंकवाद और हिंसा के कारण देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। उदाहरण के लिए, सीरिया और इराक में आईएसआईएस के आतंकवाद के कारण उनकी अर्थव्यवस्था लगभग ध्वस्त हो गई है।

**सजीव उदाहरण :** सीरिया का गृहयुद्ध, जिसने देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया और लाखों लोगों को शरणार्थी बना दिया।

### शिक्षा और विकास पर प्रभाव

कट्टरता शिक्षा और विकास को बाधित करती है। पाकिस्तान में तालिबान ने लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध लगाया, जिससे उनके विकास की संभावना खत्म हो गई। इसी तरह, नाइजीरिया में बोको हराम ने स्कूलों पर हमला करके शिक्षा को बाधित किया।

**सजीव उदाहरण :** मलाला यूसुफजई पर तालिबान का हमला, जो लड़कियों की शिक्षा के अधिकार के लिए संघर्ष कर रही थीं।

### तरक्की के उदाहरण

कुछ देश जिन्होंने कट्टरता को त्यागकर तरक्की की है, उनके उदाहरण भी महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, जापान और जर्मनी ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपने अतीत से सबक लेकर लोकतंत्र और आर्थिक विकास को अपनाया। दूसरी ओर, दक्षिण कोरिया ने धार्मिक सहिष्णुता और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करके आर्थिक और सामाजिक विकास प्राप्त किया।

**सजीव उदाहरण :** दक्षिण कोरिया, जिसने शिक्षा और तकनीकी विकास के माध्यम से तेजी से आर्थिक वृद्धि की है।

### कट्टरता के कारण पिछड़े देश

वहीं, अफगानिस्तान और सीरिया जैसे देश कट्टरता के कारण पिछड़ गए हैं। इन देशों में कट्टरपंथी विचारधाराओं ने विकास को अवरुद्ध कर दिया है और सामाजिक और आर्थिक संकट उत्पन्न किया है।

### फ़िनलैंड जैसे देशों की ख़ुशहाली

फ़िनलैंड एक ऐसा देश है जिसने धार्मिक और सामाजिक सहिष्णुता, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, और सुदृढ़ सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को अपनाकर वैश्विक स्तर पर खुशी और विकास का उदाहरण पेश किया है। फ़िनलैंड की सफलता के कुछ महत्वपूर्ण पहलू हैं

### 1. शिक्षा प्रणाली

– फ़िनलैंड की शिक्षा प्रणाली विश्व में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। यहाँ की शिक्षा प्रणाली बच्चों के व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित करती है और उन्हें रचनात्मक और स्वतंत्र सोचने के लिए प्रोत्साहित करती है।

### 2. सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं

– फ़िनलैंड की सामाजिक सुरक्षा प्रणाली मजबूत है, जिसमें सभी नागरिकों को समान स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती हैं।

### 3. सहिष्णुता और सामाजिक समावेशिता

– फ़िनलैंड में समाजिक सहिष्णुता और समावेशिता को महत्व दिया जाता है। यहाँ के लोग विविधता को स्वीकार करते हैं और समाज में सभी की समान भागीदारी सुनिश्चित करते हैं।

### निष्कर्ष

कट्टरता समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। इसे रोकने के लिए शिक्षा, सहिष्णुता, और समावेशिता को बढ़ावा देना आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि कट्टरता न केवल समाज को विभाजित करती है, बल्कि उसकी प्रगति को भी अवरुद्ध करती है। इसलिए, कट्टरता का विरोध और उसका निराकरण समाज की समृद्धि और शांति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार ?

कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। प्रदूषण के नाम पर भी कोरी राजनीति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहना चिन्ता में डालता है।



हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं।

वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है। हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर 'बेहद खराब' की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है?


इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा नहीं हिचकिचा रहे जो हवा को जहरीला बना रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन- प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। मुश्किल यह है कि वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से जमीन से उठने वाली धूल, पराली की धुंध और वाहनों से निकलने वाले धुएं के छंटने की गुंजाइश नहीं बन पाती है। नतीजन, वायु में सूक्ष्म जहरीले तत्व घुलने लगते हैं और प्रदूषण के गहराने की दृष्टि से इसे खतरनाक माना जाता है।

हमारा राष्ट्र एवं दिल्ली सहित अन्य राज्यों की सरकारें नैतिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक एवं व्यक्तिगत सभी क्षेत्रों में मनोबल के दिवालिएपन के कगार पर खड़ी है। और हमारा नेतृत्व गौरवशाली परम्परा, विकास और हर प्रदूषण खतरों से मुकाबला करने के लिए तैयार है, का नारा देकर अपनी नेकनीयत का बखान करते रहते हैं। पर उनकी नेकनीयती की वास्तविकता किसी से भी छिपी नहीं है, देश में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट के आंकड़े इस वास्तविकता को उजागर करते हुए प्रदूषण की समस्या का कोई दीर्घकालिक और ठोस हल निकालने के लिये चेता रहे हैं।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3224




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो -3223 का हल



## हंसी के फूव्वारें

'तुम रेडियो पर सदा विदेशी स्टेशनों के कार्यक्रम ही क्यों सुनते रहते हो?'

'ताकि हमारे देश की बिजली कम खर्च हो.' दूसरे दोस्त ने बताया.

□ □ □

राजू- 'मेरी घरवाली की आंख में एक तिनका गिर गया था, उसे निकालने के लिए दस रुपये खर्च करने पड़े.'

मित्र बोला, 'मेरी घरवाली की आंख में एक साड़ी अटक गयी थी, उसे निकालने के लिए एक हजार रुपये खर्च करने पड़े.'

□ □ □

'पापा, मैंने आपके दोस्त को सही समय पर स्टेशन पहुंचा ही दिया.'

'लेकिन बेटा, स्टेशन तो बहुत दूर है और टैक्सी, बस, तांगे सबकी हड़ताल है. तुमने उन्हें ठीक समय पर कैसे पहुंचा दिया?'

'जी, वे कुत्ते से बहुत डरते थे, अपना कुत्ता उनके पीछे दौड़ाता रहा और उन्होंने भागकर ट्रेन पकड़ ली.'

□ □ □

एक महिला - 'आपने जो ताबीज पहन रखी है, वह क्या जन्तर-मन्तर है?'

दूसरी महिला हंस पड़ी, 'नहीं, इसमें मेरे आदमी के बाल हैं.'

पहली महिला आश्चर्य चकित होकर पूछा, 'क्या अब वे नहीं रहे?'

'नहीं, वे तो हैं, पर उनके बाल अब नहीं रहे.'

## फिल्म वर्ग पहेली - 3224



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, रेखा की 'तू मेरा मखना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'किसीसे तुम प्यार करो' गीत वाली अक्षय, लारा, प्रियंका की फिल्म-३
५. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
७. राजकुमार, मीनाकुमारी की 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली फिल्म-३
८. मंगेशकर बहनों लता, आशा, उषा की चौथी बहन का नाम क्या हैं?-२
९. अमिताभ, जया की 'आए तुम याद मुझे' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१२. देवआनंद, निम्मी की 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मैं ने तुझसे प्यार' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
१४. राजकपूर, मीनाकुमारी की 'ऐ चाँद जहाँ वो जाए' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१६. अजय देवगन, मनीषा, करिश्मा की एक फिल्म-४
१८. 'जलता है जिया' गीत वाली सुनील दत्त, रीनाराय, आशा की फिल्म-२
१९. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली अनिल, तब्बू, पूजा बत्रा की फिल्म-४
२५. मनीष, मनीषा की 'तू दीवाना पागल मेरा' गीत वाली फिल्म-३,३
२७. 'लड़की है क्या' गीतवाली फिल्म-३
२८. 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सूर्यवंशी' में नायिका कौन थी-२
३०. सनी, जूही की 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'जब कोई बात' गीतवाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रात कली इक ख्वाब में आई' गीत वाली फिल्म-२,२,२
२. फिल्म 'आर या पार' की नायिका-२
३. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
४. 'तुम भी चलो हम भी चलें' गीत वाली अमिताभ, सायरा की फिल्म-३
६. राजेश खन्ना, राखी की 'छोड़दे जवानी में उदासी' गीत वाली फिल्म-४
११. 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-१,२
१२. नसीरूद्दीनशाह, पूजा की 'आज हमने दिल का हर फैसला' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बहारों फूल बरसाओ' गीतवाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, शशि, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया की फिल्म-२
१७. जीतेंद्र, हेमा की 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'शोला और शबनम' नायिका कौन थी?-३
२१. फिल्म 'गुनाह' की नायक कौन था-२
२२. जीतेंद्र, लीना की 'कभी खोले ना तिजोरी का' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'मझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो और बिपाशा की फिल्म-२
२४. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'फूलों सा चेहरा तेरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. राजेश, धर्मेन्द्र, वहीदा की 'हमने देखी है' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनीदेओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3223



## सूडोकु -3224

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3223 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्द पहेली - 3224



**बाएँ से दाएँ**

1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

### शब्द पहेली -3223 का हल



# नोएडा प्राधिकरण का 7 हजार करोड़ का बजट पास

## 1200 करोड़ सिविल और कंस्ट्रक्शन पर होंगे खर्च, बैठक में तय होगा एजेंडा




नोएडा। नोएडा के लिए 2024-25 वित्तीय बजट पास कर दिया गया है। ये बजट करीब 7 हजार करोड़ रुपए का है। इसकी औपचारिक बैठक होना अभी बाकी है। बजट की फाइल आईडीसी और नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन के पास दी गई। इसे मंजूरी मिलते ही विकास और अनुरक्षण कार्यों के लिए टेंडर जारी किए जा रहे है। ताकि तेजी से काम हो सके।

पहले ये वित्तीय बैठक 16 जून को होनी थी। लेकिन इसे कैंसिल कर दिया गया था। इस बैठक में 36 एजेंडा रखे जाने थे। इसको लेकर तीन बार रिव्यू बैठक भी की गई। हालांकि बाद में सिर्फ वित्तीय बजट की फाइल ही आईडीसी के सामने प्रस्तुत की गई। जिस पर उन्होंने मुहर लगा दी। ये बैठक मार्च में हो जानी चाहिए थी लेकिन आचार संहिता के चलते नहीं हो सकी। इस बजट में सिविल, इलेक्ट्रिकल एंड मेंटेनेंस, हार्टिकल्चर, जमीन अधिग्रहण, न्यू नोएडा, जनस्वास्थ्य विभाग से संबंधित विकास कार्यों के बजट को पास किया गया।

प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि ये बाकी एजेंडा की रूपरेखा के लिए बैठक की जाएगी। ये बैठक आगामी सप्ताह में हो सकती है। बता दे नोएडा के विकास के लिए हर साल वित्तीय बजट पास किया जाता है। विगत वर्ष 2023-24 में 6920 करोड़ का बजट पास किया गया था। 2022-23 में 4880.62 करोड़ का बजट था। इसी का आकलन करते हुए 2024-25 का बजट बनाया गया।

### इस विभागों के लिए है बजट

सिविल यानी विकास कार्य पर करीब 1200 करोड़ रुपए।
उद्यान विभाग के लिए 100 करोड़।
इलेक्ट्रिकल एंड मेंटेनेंस पर 300 करोड़।
जल 150 करोड़ रुपए का बजट
ग्रामीण विकास के लिए 100 करोड़

## नोएडा में कार से किया स्टंट, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

नोएडा। दिल्ली एनसीआर की सड़कों पर आए दिन कार से स्टंट के वीडियो सामने आते रहे हैं। ताजा मामला नोएडा के सेक्टर 55 का है। जहां एक थार सवार सड़क पर स्टंट करता हुआ नजर आया। वीडियो नोएडा के सेक्टर 55 का बताया जा रहा है। थार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दिल्ली एनसीआर में आए दिन सड़कों पर रील बनाने के लिए यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अब नोएडा के एमिटी विश्वविद्यालय के बाहर एक कार का स्टंट करते हुए वीडियो वायरल सामने आया है। वहीं इससे पहले ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर कार में सवार युवक गाड़ी से सिर बाहर निकल कर स्टंट करते हुए कैमरे में कैद हुआ है। यह वीडियो उसके पीछे आ रही दूसरी गाड़ी में सवार ने बनाया है। दूसरा वीडियो नोएडा का है। कार की छत पर बैठकर युवक खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए दिखाई दे रहा है। यह वीडियो सेक्टर-125 के पास एक्सप्रेसवे के किनारे का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की।

## ग्रेटर नोएडा में हटाया गया अतिक्रमण

**प्राधिकरण ने बाजार में लगी हुई रेहड़ी और पटरियों को बुलडोजर से गिरवाया**



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के जगत फार्म में रेहड़ी और पटरी वालों ने अवैध रूप से जगह-जगह पर अतिक्रमण किया हुआ था। इसको लेकर व्यापारियों ने प्राधिकरण से शिकायत की। जिसके बाद प्राधिकरण का अतिक्रमण हटाने वाला दस्ता मौके पर पहुंचा और अवैध रूप से लगी हुई रेहड़ी और पटरी को हटा दिया गया। इस दौरान पूरे बाजार में भगदड़ मच गई। काफी लोग अपनी रेहड़ियों को लेकर भाग भी गए।

### अधिकारियों से कई बार शिकायत कर चुका है

जगत फार्म मार्केट ग्रेटर नोएडा की सबसे व्यस्त और पॉश मार्केट है लेकिन अतिक्रमण होने की वजह से यहां पर रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। इसको लेकर व्यापार संगठन पुलिस और प्राधिकरण के अधिकारियों से कई बार शिकायत कर चुका है। जिसको लेकर आज ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का अतिक्रमण हटाओ दस्ता जगत फार्म में पहुंच गया।उन्होंने अवैध रूप से दुकानों के बाहर अवैध रूप से लगी हुई रेहड़ियों व पटरियों-होर्डिंगों को हटाना शुरू कर दिया। जगत फार्म में सैकड़ों से ज्यादा रेहड़ियां व पटरियां अवैध रूप से लगी हुई हैं। कुछ व्यापारी भी अपनी दुकानों के बाहर अवैध रूप से इस तरह की दुकानों को लगवा देते हैं। जिसकी वजह से रोड पर जाम लग जाता है। प्राधिकरण की टीम के द्वारा विशेष अभियान चलाकर सभी रेहड़ी व पटरियों को हटा दिया गया। जेसीबी की मदद से इन सभी को एक कैंटर में भरकर ले जाया गया।

### अवैध रूप से अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

प्राधिकरण के द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद व्यापार संगठन से जुड़े हुए लोगों ने प्राधिकरण का आभार जताया। कहा कि समय-समय पर प्राधिकरण को इस तरह का अभियान चलाना चाहिए। अवैध रूप से लगने वाली रेहड़ी और पटरी को हटा देना चाहिए। इसी की वजह से जगत फार्म में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

## शार्ट न्यूज

### अवैध असलहे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**



ग्रेटर नोएडा। थाना जेवर क्षेत्रान्तर्गत जहाँगीरपुर पुलिस चौकी प्रभारी शिवप्रताप सिंह ने अपने पुलिस बल एसआई शिवम सचान, कास्टेंबल अजय कुमार के साथ मिलकर एक अभियुक्त फुरकान उर्फ टम्पू पुत्र इसलाम निवासी मौहल्ला व्यापारियान कस्बा जहाँगीरपुर थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर को नगलिया गेट पुलिया के आगे झांझर रोड कस्बा जहांगीरपुर से मंगलवार को गोपनीय सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा बरामद किया है।अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है।जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### गाजियाबाद में जच्चा-बच्चा की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के नंदग्राम में स्थित ओम हेल्थ केयर हॉस्पिटल में मंगलवार को एक गर्भवती महिला और नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इसे लेकर खूब हंगामा हुआ। आक्रोशित परिजनों ने हॉस्पिटल के शीशे तोड़ दिए। पुलिस ने पहुंचकर मामला संभाला। नूरनगर सिहानी निवासी निशा पत्नी जीशान छह महीने की गर्भवती थी। परिजनों ने प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें सोमवार को इस हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। मंगलवार सुबह निशा की मौत हो गई। डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि खूब प्रयास किए जाने के बावजूद ब्लीडिंग नहीं रुकी और इस वजह से मौत हो गई। इस पर परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। मृतका के जेठ आबिद ने बताया- हास्पिटल ने शुरुआत से पीड़िता का इलाज करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। हॉस्पिटल प्रबंधन का पूरा फोकस मरीज के खर्चे पर था। हमने किसी तरह पैसों की व्यवस्था की और इलाज शुरू कराया। हमें लगता है कि इलाज ठीक से नहीं हुआ। क्योंकि पीड़िता की आवाज हमें हॉस्पिटल में नीचे तक आ रही थी। वो बार-बार चींख रही थी।

### मोदीनगर में व्यापारी से कार की लूट

मोदीनगर। फरीदनगर पिलखुवा मार्ग पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे दिखाकर गत्ता व्यापारी से कार लूट ली। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने व्यापारी के साथ मारपीट भी की। व्यापारी रवि कुमार मोदीनगर के गोविंदपुरी का रहने वाला है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस बदमाशों ने की तलाश में जुट गई है। व्यापारी का हापुड़ के पिलखुवा स्थित डूहरी गांव में ससुराल है। सोमवार शाम को रवि कार से पत्नी और बच्चों को लेने के लिए जा रहे था। जब वह फरीदनगर पिलखुवा मार्ग पर रजवाहे के निकट पहुंचा तो एक बाइक पर तीन बदमाश आए। तीनों बदमाशों के पास हथियार थे। उन्होंने कपड़े से चेहरा ढका था। बदमाशों ने सड़क पर बाइक खड़ी कर कार रुकवाई और जबरन रवि को उतारकर पीटना शुरू कर दिया। एक बदमाश ने उनकी कनपटी पर तमंचा सटा दिया। इसके बाद दूसरा बदमाश कार में बैठा और कार को पिलखुवा की तरफ ले गया। जबकि अन्य बदमाश बाइक से फरार हो गए। रवि ने आसपास के लोगों की मदद से पुलिस सूचना दी।

### कार और पांच लाख रुपये नहीं देने पर तोड़ी सगाई

खोड़ा। थाना क्षेत्र की कॉलोनी में लड़के पक्ष ने सगाई के बाद दहेज में कार और पांच लाख रुपये नहीं देने पर रिश्ता तोड़ दिया। आरोप है कि आरोपी पक्ष ने सगाई का सामान वापस करके गाली-गलौज के दौरान मारने की धमकी दी। खोड़ा थाने में नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला ने शिकायत दी कि उन्होंने 24 वर्षीय बेटी की शादी के लिए सिकंदराबाद के युवक से रिश्ता तय किया था। एक मई 2024 को लड़के पक्ष के घर सगाई का कार्यक्रम हुआ था जिसमें साढ़े तीन लाख रुपये खर्च हुए। इसके अलावा बेटी की मदद के लिए दहेज में जरूरत का सारा सामान भी दिया लेकिन शादी से पहले लड़के पक्ष ने दहेज में कार और पांच लाख रुपये की शर्त रख दी। दोनों पक्षों में बातचीत के लिए पंचायत बुलाई गई। वहां आरोपियों ने उन्हें गाली-गलौज करके मारने की धमकी दी। इसके बाद सगाई का सामान लौटा दिया। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। मामले की जांच कर रहे हैं।

### मॉनसून में हो सकती है परेशानी

नोएडा। उद्यान विभाग और बिजली विभाग की लापरवाही से सेक्टरों में पेड़ों की छंटाई नहीं हो पा रही है, जबकि मॉनसून आने को है। सेक्टरवासियों का कहना है हवा चलने पर पेड़ की टहनियां पोल में उलझ रही हैं। बारिश के दौरान परेशानी बढ़ सकती है। कई बार छंटाई के लिए बिजली विभाग के साथ उद्यान विभाग को शिकायत की गई, लेकिन कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। सेक्टर-34 निवासी अभिषेक ने बताया कि मानस हॉस्पिटल से बिलांबाग वाली रोड पर पेड़ों की टहनियां पोल से लगी हुई हैं। तेज हवा और बारिश के दौरान समस्या हो सकती है। सेक्टर-22 निवासी सुदर्शन अवस्थी ने बताया कि ए ब्लाक में प्राधिकरण और बिजली विभाग में तालमेल न होने के कारण पेड़ इतने बड़े हो गए की बिजली के पोल के उपर टहनियां आ गई है। आए दिन स्पार्किंग होती है। सेक्टर-71 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुनील वाधवा और सेक्टर-73 निवासी अनिल ने बताया कि पूरा ट्रांसफार्मर पेडों की टहनियों से घिर गया है।

## नोएडा की खाली बिल्डिंग में मिला गार्ड का शव

नोएडा। नोएडा में थाना फेस-1 एरिया में एक बिल्डिंग में गार्ड का शव मिला है। बिल्डिंग खाली है। यहां कोई रहता नहीं है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में गार्ड के शरीर पर किसी भी तरह से चोट के निशान नहीं मिले है। पुलिस ने आशंका जताई है कि ज्यादा शराब पीने से शख्स की मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह का पता चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### 15 दिन पहले से ही ज्वाइन की थी नौकरी

एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया, मृतक गार्ड का नाम सतीश है। जो बहलोलपुर सेक्टर-2 स्थित सी-117 में गार्ड का काम करता था। उसे नौकरी करते हुए 15 दिन ही हुए थे। डायल-112 के जरिए जानकारी मिली कि कंपनी में एक व्यक्ति का शव मिला है। मौके पर थाना फेज-1 पुलिस पहुंची। गार्ड का शव था।

### शराब के नशे में रहता था धुत

जांच पड़ताल के बाद मृतक की पहचान की गई। आसपास के लोगों ने बताया कि सतीश बहुत ज्यादा शराब पीता था।

ऐसे में मौत की वजह भी यही हो सकती है। परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं मृतक के पास से मिले मोबाइल की भी जांच की जा रही है।

## डीएम कार्यालय पर युवक का आत्मदाह का प्रयास

### पुलिसकर्मियों ने छीनी पेट्रोल की बोतल, पहले आर्म्स एक्ट में जा चुका है जेल



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में जिलाधिकारी कार्यालय पर एक युवक ने पेट्रोल छिड़कर आत्मदाह करने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक के हाथ से पेट्रोल की बोतल को छीन लिया। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि वो नशे का आदी है।

दरअसल मंगलवार को सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्थित जिला अधिकारी कार्यालय पर एक युवक हाथ में पेट्रोल लेकर पहुंचा। उसने अपने ऊपर पेट्रोल को छिड़क लिया। इससे पहले कि वह कुछ और कर पाता मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसको तत्परता से पकड़ लिया और उसके हाथ से उस बोतल को भी छीन लिया। पुलिस युवक को पकड़कर सूरजपुर थाने ले गई।

इसके बाद पुलिस की तरफ से बताया गया कि युवक का नाम सचिन है। जो बादलपुर थाना क्षेत्र के सादोपुर गांव का रहने वाला है। सचिन नशे का आदी है। वह पहले भी आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है।

### जितेंद्र के नाबालिग बेटे से बदतमीजी की थी

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि 18 जून को सचिन गांव के ही शहाबुद्दीन के घर नशे की हालत में पहुंच गया था। उसने परिजनों से बदतमीजी भी की थी। इस मामले में पुलिस को सूचना भी दी गई थी। पुलिस ने धारा 151 के तहत कानूनी कार्रवाई करते हुए उसका चालान भी कर दिया था। उन्होंने आगे बताया कि सोमवार रात को सचिन ने देर रात गांव के ही रहने वाले जितेंद्र के नाबालिग बेटे से बदतमीजी की थी। जितेंद्र ने सचिन के पिता से इस बारे में शिकायत की थी। इसके बाद सचिन अपने घर चला गया था। परिजनों के द्वारा उसके द्वारा किए गए इस व्यवहार के लिए उसे डांटा गया। इसके बाद उसने अपनी मां के साथ मारपीट भी की थी। अपने पिता के साथ धक्का मुक्की करके वहां से चला गया। इस धक्का मुक्की के दौरान सचिन के पिता को सिर में चोट आई थी। बताया जा रहा है कि सचिन अपने मां-बाप से अपना हिस्सा मांग रहा था। इसी शिकायत को लेकर वह जिलाधिकारी कार्यालय आया था। वहीं पुलिस के द्वारा जानकारी दी गई की सचिन की माता और पिता ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए शिकायत भी दी हुई है। पुलिस इस मामले में जांच कर कार्रवाई करेगी।

## गाजियाबाद में नशीली रेड बुल पिलाकर गैंगरेप

### प्राइवेट पार्ट पर आए 10 टांके, आरोपियों ने मरहम-पट्टी के थमाए 2300 रुपए

गाजियाबाद। गाजियाबाद में 15 वर्षीय किशोरी से गैंगरेप हुआ। पीड़िता की हालत बिगड़ी तो उसको क्लीनिक में भर्ती कराया गया। यहां उसे प्राइवेट पार्ट पर करीब 10 टांके लगाए गए। आरोपियों ने मरहम पट्टी के लिए पीड़ित परिवार को 2300 रुपए थमाकर कई दिन तक बंधक बनाए रखा। उनके बाहर आने-जाने की हर गतिविधि पर नजर रखी।

किशोरी का फूफा जब किसी काम से घर पहुंचा, तब इस प्रकरण की जानकारी हो सकी। फिर उन्होंने परिवार को वहां से बाहर निकाला। पीड़िता ने मंगलवार को थाना टीला मोड़ पर पहुंचकर शिकायत की है।

मूल रूप से बागपत जिले में अशरफाबाद थल निवासी एक परिवार फिलहाल गाजियाबाद में टीला मोड़ थाना क्षेत्र के गांव पसौंडा स्थित प्रेम गार्डन में रहता है। परिवार में मां और उनके तीन बच्चे हैं। मां फ्लैट्स में झाड़ू-पोंछा करके परिवार का गुजारा करती है। छोटे 2 भाइयों की देखभाल 15 वर्षीय किशोरी करती है।

पीड़िता किशोरी ने बताया- 11 जून को मां काम पर गई थी। दोनों भाई मदरसे में पढ़ने गए थे। दोपहर 12 बजे मोहित नाम का लड़का कमरे पर आया और बोला कि मेरी मां शालीमार रोड पर खड़ी हैं, उन्होंने मुझे बुलाया है। ये कहकर मोहित मुझे अपने साथ ले गया।

वो मुझे शालीमार गार्डन में बुध बाजार की एक बिल्डिंग में ले गया। वहां पर हमारे मकान मालिक का भतीजा सारिक पहले से मौजूद था। दोनों ने मुझे बैठा लिया और कहा कि तेरी मां अभी दवाई लेकर आ रही हैं।

पीड़िता ने बताया- दोनों लड़कों ने मुझे रेड बुल एनर्जी ड्रिंक पिलाई। इसे पीकर मुझे चक्कर आने लगे। इसके बाद मोहित और सारिक ने मेरा रेप किया।

धमकी दी कि अगर मैं ये बात किसी को बताउंगी तो मेरे दोनों छोटे भाइयों को जान से मार दिया जाएगा।

इस घटना से मैं बुरी तरह डर गई। किसी तरह घर पहुंची। वहां मुझे ब्लीडिंग शुरू हो गई। मैं कमरे की कुंडी लगाकर लेट गई। रात के 10 बजे जब मां घर आई तो मैं उन्हें देखकर रोने लगी।

मैंने मां को पूरा वाकया बताया। आवाज सुनकर मकान मालिक भी हमारे कमरे में आ गया।

## खुद को अच्छा तैराक बता एलिवेटेड से हिंडन में कूदे टेंपो चालक की मौत

इंदिरापुरम। कोतवाली क्षेत्र में रविवार शाम पूरन कश्यप (36) ने दोस्तों और रिश्तेदारों के सामने अच्छा तैराक बनने के चक्कर में एलिवेटेड रोड पर टेंपो से हिंडन नहर में छलांग लगा दी, जहां पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। कश्यप पांच लोगों के साथ टेंपो से मुरादनगर गंगनहर में नहाने गए थे। लौटते समय सभी एलिवेटेड रोड पर शौच के लिए रुके थे। सूचना पर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से सोमवार दोपहर तीन बजे नहर से शव बरामद किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज टेंपो को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी है।

इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया दिल्ली में सफदरजंग एंक्लेव स्थित सी-91 कृष्णा विहार में पूरन कश्यप पुत्र कल्लू कश्यप पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। वह टेंपो चालक थे। रविवार दोपहर साढ़े 12 बजे वह विनय कश्यप, बोबी, फूल सिंह, रिंकू और कमल सिंह (सभी आपस में दोस्त और रिश्तेदार हैं) के साथ टेंपो लेकर मुरादनगर स्थित गंगनहर में नहाने गए थे। वहां दोपहर तीन बजे पहुंचकर पूरन और अन्य लोगों ने शराब पीने के बाद गंगनहर में डुबकी लगाई। शाम करीब साढ़े पांच बजे सभी ऑटो लेकर राजनगर एक्सटेंशन से होते हुए एलिवेटेड रोड से दिल्ली लौटने लगे।

## फिल्म सिटी के लिए जमीन पर कब्जा लेंगे बोनी कपूर

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-21 में प्रस्तावित फिल्म सिटी के लिए फिल्म निर्माता बोनी कपूर 27 जून को समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए ग्रेटर नोएडा आएंगे। यूपी में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित फिल्म सिटी परियोजना के लिए यीडा और बोनी कपूर की कंपनी के बीच समझौता होगा। साथ ही, उनकी कंपनी फिल्म सिटी के प्रथम चरण के लिए भूमि पर कब्जा भी प्राप्त करेगी। इस दौरान यमुना प्राधिकरण के चेयरमैन अनिल सागर और प्रदेश के आईआईडीसी भी मौजूद रहेंगे। जमीन पर कब्जा लेने की औपचारिकता पूरी होने के बाद यीडा के बोर्ड रूम में बोनी कपूर अपने परिवार के साथ फिल्म सिटी के मॉडल को भी लॉन्च करेंगे। इसके जरिये वे फिल्म सिटी को धरातल पर उतारने के हर प्रयास की जानकारी देंगे। मॉडल के जरिये पूरी फिल्म सिटी की सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### 1000 एकड़ में प्रस्तावित

सेक्टर-21 में एक हजार एकड़ में फिल्म सिटी प्रस्तावित है और पहला चरण 230 एकड़ में शुरू होगा। इसके लिए बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स ने भूटानी ग्रुप के साथ मिलकर सबसे अधिक बोली लगाकर विकासकर्ता कंपनी बनी है। यूपी कैबिनेट से भी कंपनी को आवंटन पत्र जारी किया जा चुका है। फिल्म सिटी के निर्माण को लेकर लंबे समय से प्रक्रिया चल रही है।

## यीडा की बोर्ड बैठक आज, 37 प्रस्ताव होंगे पेश

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण की बुधवार को प्रस्तावित बोर्ड बैठक में 37 प्रस्तावों पर मुहर लगने की उम्मीद है। इसमें सबसे अहम जेपी इंफ्राटेक के 20 हजार फ्लैटों के निर्माण में तेजी के लिए प्राधिकरण सितंबर तक किसानों को मुआवजे के रूप में 854 करोड़ रुपये वितरित करने का प्रस्ताव रखेगा।

खास बात यह होगी कि प्राधिकरण अपने स्तर से दिए जाने वाले 355 करोड़ रुपये का भुगतान एक ही बार में करेगा, जो कुल 1689 करोड़ रुपये का 21 प्रतिशत है। वहीं, सुरक्षा 490 करोड़ रुपये देगा। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण ने बीते माह ही जेपी इंफ्राटेक मामले में सुरक्षा समूह के पक्ष में फैसला सुनाया था। फैसले में प्रभावित किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजे के लिए 1689 करोड़ रुपये में से 1334 करोड़ रुपये सुरक्षा और 355 करोड़ यमुना प्राधिकरण को चुकाने के निर्णय लिया गया था। प्राधिकरण और सुरक्षा ने कई समझौते कर जल्द से जल्द किसानों को मुआवजे का पूरा पैसा चुकाने की योजना बनाई है। इस फैसले से सितंबर से ही सुरक्षा अधूरे परियोजना को पूरा करने का कार्य शुरू कर देगी।

इसके अलावा अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के तहत बकायेदार बिल्डरों के खिलाफ प्लॉट आवंटन निरस्तीकरण की कार्रवाई सहित अन्य प्रस्ताव भी बोर्ड बैठक में रखेंगे जाएंगे।

## 5 लाख वाहन चालक को मिलेगी राहत

### दिल्ली के मयूर विहार से नोएडा एक्सप्रेस वे तक जाएगी एलिवेटड, 900 करोड़ होंगे खर्च

नोएडा। दिल्ली से नोएडा को सीधे जोड़ने के लिए एलिवेटड रोड बननी है। इससे पांच लाख वाहन चालक को फायदा मिलेगा। इसका निर्माण एमजी कांट्रैक्टर करेगी। टेंडर प्रक्रिया उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने की थी। इसमें पांच कंपनियां आई थीं।

अधिकारियों ने बताया कि अब निर्माण को लेकर एमजी कॉन्ट्रैक्ट और सेतु निगम के बीच एग्रीमेंट होगा। एग्रीमेंट के बाद एजेंसी इसकी ड्राइंग सेतु निगम को उपलब्ध कराएगी। इस प्रक्रिया में से तीन महीने का समय लग जाएगा। एलिवेटड निर्माण में 36 महीने में पूरा होगा।

यह एलिवेटेड रोड दिल्ली के चिल्ला रेगुलेटर से नोएडा के महामाया फ्लाई ओवर 5.96 किमी तक बनेगा। चिल्ला रेगुलेटर से मयूर विहार फ्लाई ओवर को भी एलिवेटेड रोड के जरिए जोड़ा जाएगा।

नोएडा के महामाया फ्लाई ओवर के पास उतर कर लोग सीधे नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे व कालिंदी कुंज की ओर जाकर गंतव्य को जा सकते हैं। यहां महामाया फ्लाई ओवर पर वाहनों के चढ़ने-उतरने के लिए रोटरी बनाई जाएगी। इसके बन जाने के बाद लोगों को फिल्म सिटी रास्ते पर जाम में नहीं फंसना पड़ेगा।




### निर्माण में खर्च होंगे 900 करोड़, पीएम गति शक्ति से मिलेगा 50 प्रतिशत

इसको बनाने में मूल लागत 624 करोड़ सहित सभी टैक्स लगाकर करीब 900 करोड़ रुपए का खर्चा आएगा। अधिकारियों ने बताया कि इसके निर्माण के लिए 50 प्रतिशत राशि पीएम गति शक्ति के तहत लोन के रूप में मिलेगी। ऐसे में 50 प्रतिशत शासन व 50 प्रतिशत नोएडा प्राधिकरण वहन करेगा।

बता दें चिल्ला एलिवेटेड रोड का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जनवरी 2019 को शिलान्यास किया था। जून 2020 से इसका काम शुरू हुआ।अनुबंध के तहत 50 प्रतिशत राशि शासन से नहीं मिलने से नवंबर 2021 में काम बंद हो गया था।

### 5 लाख वाहन चालकों को मिलेगा फायदा

वर्तमान में दिल्ली से नोएडा, ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस, यमुना एक्सप्रेस जाने के लिए वाहन चालक चिल्ला बार्डर का प्रयोग करते है। पीक आवर में यहां वाहन चालकों को भीषण जाम झेलना पड़ता है।

महज 5 किमी की दूरी तय करने में चालक को 20 से 30 मिनट तक का समय लग जाता है। चिल्ला एलिवेटड बनने के बाद वाहन चालकों ये दूरी तय करने में महज 5 मिनट का समय लगेगा। वो सीधे नोएडा एक्सप्रेस वे जा सकेंगे।

### एलिवेटड पर चढ़ने और उतरने के लिए एलिवेटड पर बनेंगे 6 लूप

दिल्ली के चिल्ला बॉर्डर की तरफ से आते समय सेक्टर-14-उद्योग मार्ग की ओर उतरने के लिए लूप बनेगा।

लूप के दूसरी तरफ यानी सेक्टर-15ए के पास से इस पर चढ़ने के लिए लूप बनाया जाएगा।

डीएनडी की तरफ से आने वाले एमपी वन रास्ते पर सेक्टर-16 की तरफ उतरने व सेक्टर-16ए फिल्म सिटी की तरफ चढ़ने के लिए लूप बनेगा।

फिल्म सिटी समाप्त होने पर उतरने के लिए बनाया जाएगा। यहां से सेक्टर-18 के सामने से होते हुए एमपी टू एलिवेटेड रोड की ओर जा सकेंगे।

जीआईपी मॉल के थोड़ा आगे जाकर चढ़ने के लिए लूप बनेगा।

### 74 करोड़ का हो चुका है काम

परियोजना में प्राधिकरण करीब 74 करोड़ रुपए खर्च कर चुका है। इसका 13 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। शासन को इस परियोजना में जो पैसा देना था, वह नहीं दिया गया। प्राधिकरण के बार-बार आग्रह के बाद भी फंड नहीं मिलने पर काम बंद हो गया। प्राधिकरण ने साफ किया था कि जब तक शासन फंड रिलीज नहीं करता है तब तक काम नहीं हो पाएगा।

# बुलंदशहर में आलू व्यापारी की गोली मारकर हत्या

## मंडी से डेढ़ लाख रुपए लेकर लौट रहे थे, बाइक सवार बदमाशों ने की फायरिंग

खुर्जा। बुलंदशहर में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने आलू व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद तमंचा लहराते हुए बदमाश फरार हो गए।

गोली की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। व्यापारी का खून से लथपथ शव पड़ा था। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों से पुलिस ने मामले की जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

औरंगाबाद निवासी आलू व्यापारी फकरू मंगलवार को बुलंदशहर स्थित नवीन मंडी गए थे। दोपहर को वहां से



मृतक आलू व्यापारी फकरू।

डेढ़ लाख रुपए लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार होकर दो बदमाश आए। पहले उन्हें रोका, उनसे बात की। इसके बाद अचानक तमंचा निकालकर फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगते ही फकरू नीचे गिर पड़े। इसके बाद बदमाश तमंचा लहराते हुए भाग निकले।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार बदमाशों ने आलू व्यापारी के सिर में एक से अधिक गोली मारी थी। बदमाशों ने कोतवाली देहात क्षेत्र के मौसमगढ़ के पास वारदात को अंजाम दिया।

मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार फकरू औरंगाबाद नगर पंचायत से वार्ड का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

## उन्नाव में रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

उन्नाव। उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र के मैनहा गांव का रहने वाला एक युवक मंगलवार की सुबह घर से निकाला और काफी देर तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो गांव के बाहर से गुजरे रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा मिला। ट्रेन से कटने की जानकारी ग्रामीणों ने थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मैनहा गांव का रहने वाले बुद्धिलाल का 17 साल का बेटा बंगाली प्रसाद उर्फ मोनू मुर्गी फार्म हाउस में काम करता था। मंगलवार की सुबह वह घर से निकल गया और काफी देर तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद उन्होंने उसकी तलाश शुरू की तो पता चला कि रायबरेली उन्नाव रेल रूट पर प्रयागराज इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। परिजन रेलवे ट्रैक पर पहुंचे तो शव देखकर बेहाल हो गए।

# मुजफ्फरनगर में थाने पर भाकियू का धरना

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर के थाना रतनपुरी पर भारतीय किसान यूनियन का कब्जा हो गया है। युवा जिला अध्यक्ष कपिल सोम की हिस्ट्री शीट खोलने और बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान न होने के विरोध में किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने रतनपुरी थाने पर धरना देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने धरना प्रदर्शन में शामिल होते हुए कहा कि पुलिस की मनमानी चलने नहीं दी जाएगी। भारतीय किसान यूनियन के युवा अध्यक्ष कपिल सोम के विरुद्ध पुलिस ने अलग-अलग समय 14 मुकदमे दर्ज किए हैं।

पिछले दिनों थाना रतनपुरी में कपिल सोम की हिस्ट्री शीट खोल दी गई थी। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन ने नाराजगी व्यक्त की थी। राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा था कि किसान संगठनों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने 25 जून को थाना रतनपुरी में ही किसानों के धरना प्रदर्शन की घोषणा की थी। मंगलवार को जिले के हजारों किसान ट्रैक्टर ट्रालियों पर सवार होकर थाना रतनपुरी पहुंचना शुरू हो गए।

### ऐसी रणनीति बनाई जा रही है कि किसानों का मुंह बंद रहे

थाने में ही धरना प्रदर्शन करते हुए किसानों ने जिला पुलिस और प्रशासन के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। धरने पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि पुलिस किसानों का मनोबल तोड़ना चाहती है।

## हनीट्रैप में फंसाकर महिला ने वसूली रंगदारी

गोरखपुर। गोरखपुर में हनीट्रैप का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला ने अपनी लाचारी बता कर दस्तावेज लेखक से चार लाख रुपए रंगदारी मांगी। दस्तावेज लेखक ने जब पैसे देने को मना किया तो महिला ने दुष्कर्म का फर्जी केस दर्ज कराकर जेल भिजवाने की धमकी दी। पूरा मामला राजघाट क्षेत्र की है। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी ने सीओ कैंट को मामले की जांच सौंपी थी। जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। स्स्क्क डा. गौरव ग्रोवर ने बताया- पीड़ित से 2 साल पहले मधुबाला नाम की महिला उनके परिचित दुर्गेश के साथ ऑफिस पहुंची। उसने बताया कि पति से तलाक हो चुका है, मायके वाले भी कोई हेल्प नहीं करते हैं। अपने रहने का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है, उसे नौकरी की बहुत जरूरत है। परिचित दुर्गेश की गुज़ारिश पर सहायक के रूप में पीड़ित ने मधुबाला को नौकरी पर रख लिया। कुछ दिनों ऑफिस में काम करने के बाद आए दिन मधुबाला समस्या बताकर 500- 1000 रुपए मांगने लगी। खुद को अकेला बताकर फोन पर चैटिंग भी करने लगी। कुछ दिनों बाद अपनी आंख खराब होने की जानकारी देकर नेपाल के भैरहवा में आपरेशन कराने के लिए कहा। पीड़ित उसे अपने साथ वहां ले गया और उपचार कराया।

## लखनऊ में समाजवादी छात्रसभा का विरोध-प्रदर्शन


लखनऊ। लखनऊ में नीट सहित कई परीक्षाओं के पेपर लीक होने को लेकर उत्तर प्रदेश छात्र सभा ने विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। साथ ही बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। नीट परीक्षा में पेपर लीक को लेकर समाजवादी पार्टी की छात्र सभा ने लखनऊ में जबरदस्त प्रदर्शन किया। इसे लेकर पुलिस से झड़प भी हुई। बैरिकेडिंग पर पुलिस ने प्रदर्शनकारी समाजवादियों को रोककर उन्हें हिरासत में लिया। इस दौरान वहां काफी अफरातफरी मची रही।

# कासगंज में बेटे ने की मां की हत्या

## कुल्हाड़ी से किया हमला, जमीन से जुड़ा है विवाद

कासगंज। कासगंज की कोतवाली अमापुर क्षेत्र के मिडौल खुर्द गांव में मंगलवार को एक कलयुगी बेटे ने अपनी मां की कुल्हाड़ी से काटकर बड़ी ही बेरहमी से हत्या कर दी। वहीं आरोपी बेटा अपनी मां की हत्या करके मौके से फरार हो गया। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। वहीं पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पूरा मामला सहावर थाना क्षेत्र के गांव में मिडौल खुर्द का है। जहां रहने वाली




65 वर्षीय कृष्णा देवी पत्नी सुखपाल की उसके बेटे मुन्नालाल ने कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मिली जानकारी के मुताबिक महिला अपने बेटे मुन्नालाल के डर से गांव के ही सतीश गुप्ता पुत्र मोती लाल के घर में रहती थी। उसके बेटे को डर था कि कहीं वह जमीन सतीश गुप्ता के नाम न कर दे। जिसको लेकर बेटा आक्रोश में था। उसने जमीन की खातिर अपनी मां को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# कौशांबी में किसान यूनियन का कलक्ट्रेट में प्रदर्शन

## धरने पर बैठे, बोले- सुनवाई न हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे

कौशांबी। कौशांबी में भारतीय किसान यूनियन ने मंगलवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी किसान अफसरों से 6 सूत्रीय मांग पत्र पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बावजूद इसके अधिकारियों ने किसानों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया। नाराज किसान नेता और कार्यकर्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मैदान में धरने पर बैठ गए।



किसान नेता के मुताबिक वह समस्या का समाधान कराने आए हैं, लेकिन कोई भी अधिकारी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। भाकियू जिलाध्यक्ष नुरुल इस्लाम ने बताया कि किसान यूनियन हर माह की 17 तारीख को मासिक बैठक कर किसान समस्या की बात को उठाकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हैं।

पिछले 5 माह से अधिक समय से जिला प्रशासन के अधिकारियों को 6 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन दिया गया, लेकिन किसी अधिकारी-कर्मचारी ने समस्या को दूर करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया।किसानों की 6 सूत्रीय प्रमुख मांग हैं। इसमें ग्राम जजौली के गजराज भूमि विवाद प्रकरण, 67 मीटर सरकारी नलकूप की भूमि सिंहपुर गांव में चकरोड नाप कर कब्जा मुक्त कराने, चायल तहसील मे भूमि विकास बैंक की स्थापना, सूखी नहरों में राम गंगा कमांड से पानी छोड़े जाने, किसान कार्यकर्ताओं का पुलिसिया उत्पीड़न रोकने, पीएम हाउस मे डीप फ्रीजर लगवाए जाने से जुड़ी हैं।

### बोले- अधिकारी नहीं कर रहे सुनवाई

किसान की समस्या पर अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष नुरुल इस्लाम ने बताया कि किसान आज संकल्प करके आए हैं कि वह अफसरों से अपनी मांग पर कार्रवाई कराकर जाएंगे। यदि अधिकारी उनकी बात नहीं सुनते हैं तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठकर अपनी मांग पूरी कराएंगे।

# उन्नाव में सिपाही ने थाने में किया सुसाइड

उन्नाव। उन्नाव के थाने में एक सिपाही ने दरोगा की पिस्टल से कनपटी पर गोली मारकर सुसाइड कर लिया। वजह- घरवालों ने शादी के लिए जो लड़की फाइनल की थी वो सिपाही को पसंद नहीं थी। परिजन शादी का दबाव बना रहे थे। मंगलवार सुबह फोन पर सिपाही और उसके बड़े भाई के बीच बहस हुई। इसके बाद उसने ये कदम उठाया। थाने में मंगलवार सुबह गोली चलने की आवाज से अफरा-तफरी मच गई। साथी पुलिसकर्मी भाग कर डीजी कार्यालय पहुंचे तो वहां खून से लथपथ सिपाही को देखा। सिपाही को सीएचसी ले गए। वहां से लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान सिपाही ने दम तोड़ दिया। मामला हसनगंज कोतवाली का है।

### मालखाना से निकाली थी पिस्टल

देवांश की तैनाती जीडी कार्यालय में थी। आज सुबह देवांश जब कार्यालय पहुंचे तो उनकी फोन पर अपने भाई से बहस हुई। वह परेशान होकर कार्यालय से बाहर निकले। कुछ देर बाद मालखाना के अंदर गए और बक्शे में रखी एक पिस्टल को निकाल लिया। सुबह 10.15 बजे उसने अपनी दाहिनी कनपटी पर गोली मार ली। सूत्रों के अनुसार, सिपाही ने जिस पिस्टल से



सुसाइड किया वह एक दरोगा की थी। जिसका दूसरी जगह ट्रांसफर हो गया था। वह मालखाना में जमा करने के लिए पिस्टल सिपाही को दे गया था।

### 3 महीने पहले हादसे में पैर में लगी थी चोट

हसनगंज कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर चंद्रकांत मिश्र ने बताया- बुलंदशहर के देवांश तेवतिया 2019 में आरक्षी के पद पर भर्ती हुए थे। उनकी पहली पोस्टिंग उन्नाव में हुई थी। पुलिस लाइन से उन्हें थाना हसनगंज में तैनाती मिली। पिछले 5 साल से इसी थाने पर तैनात थे।

3 महीने पहले देवांश का एक्सीडेंट हो गया था। पैर में चोट लगने के चलते वह इलाज कराने के लिए घर चले गए थे। 20 दिन पहले ही ठीक होकर उन्होंने ड्यूटी ज्वाइन की थी। इंस्पेक्टर चंद्रकांत मिश्र ने बताया- लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर पहुंचने के थोड़ी देर बाद ही सिपाही की मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी ने की समीक्षा

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन ललितपुर में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी। सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों की पारिवारिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त मासिक अपराध समीक्षा बैठक में समस्त



क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारियों / समस्त शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान निम्न बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी। जनपद में समस्त थाना क्षेत्रों में अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये, किसी भी दशा में अवैध शराब एवं अवैध मादक पदार्थों की बिक्री न हो। किसी भी थाना क्षेत्र में भूमाफियाओं द्वारा जमीनों पर अवैध कब्जे की घटना न होने पाये।

सभी थाना प्रभारी को भूमि विवाद के चिन्हित प्रकरणो मे राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# भीषण सड़क हादसें में दर्जनों प्रवासी मजदूर घायल

**विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा**

सीतापुर। जनपद की तहसील महोली क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा हो गया। हादसे में दो दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गये एवं एक व्यक्ति का पैर भी कट गया। जानकारी होने पर मौके पर पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारी के साथ स्वास्थ्य मोहकमा भी पहुँच गया।

घायलों को तत्काल प्रभाव से प्रशासन के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील महोली क्षेत्र के ग्राम कारीपाकर में जनपद गोंडा से चलकर लुधियाना जा रही निजी बस द्वारा एक मोटरसाइकिल को ओवरटेक करते समय पलट जाने से भीषण हादसा हो गया, जिसमें दर्जनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये व एक व्यक्ति रजब अली पुत्र साबित अली का पैर भी कटकर अलग हो गया। भीषण हादसा देख आम जनमानस के अंदर भय व्याप्त हो गया। सूचना पाकर मौके पर प्रभारी निरीक्षक उमाकांत शुक्ला दलबल के साथ पहुंचे जिसके बाद मौके पर उप जिलाधिकारी महोली अभिनव यादव,तहसीलदार अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर व स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली की टीम भी मौके पर पहुंची।जिसके बाद सम्बन्धित जिम्मेदारों के द्वारा घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली लाया गया जहां उनका उपचार चल रहा है।

### ये व्यक्ति हुये घायल

रजफ, कमलेश,शिवकुमार, अम्बरीष, जगरानी, मनोज, करन, मिथलेश, माताप्रसाद, नेहा,कैलाश, रजब अली, तेजू,श्रवण, पूनम, अनुष्का, उमेश, ममता आदि घायल हो गये।

सभी जनपद गोंडा से लुधियाना पंजाब में काम करने जा रहे थे। रास्ते में जनपद सीतापुर की तहसील महोली के कारीपाकर गांव में हादसे का शिकार हो गये।

## गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता विषयक संगोष्ठी का आयोजन

प्रयागराज। हिन्दुस्तानी एकेडेमी, प्रयागराज के तत्वावधान में मंगलवार को गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता पर केन्द्रित 'राष्ट्रीय एकता के निर्माण में गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि 'निर्धनों, किसानों व मजदूरों की समस्याओं को उजागर करने तथा सामाजिक जड़ताओं, अंध परंपराओं एवं कुरीतियों के विरुद्ध सामाजिक जागृति का उद्देश्य के लिए पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी का लेखन अपने आप में ही महान है। साहित्य के माध्यम से राष्ट्रीयता की अलख जगाना वे बखूबी जानते थे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुये उप्र मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव शिवशरण सिंह गहरवार ने कहा 'गणेश शंकर विद्यार्थी एक निर्भीक, निष्पक्ष, ईमानदार क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाले पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी थे। ब्रिटिश शासन की जड़ों को खोखला कर देने की कुबत ने अंग्रेजो को हिला दिया था।

# डीआईजी ने झांसी मंडल के तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध पर की समीक्षा गोष्ठी

## लंबित विवेचना का चलेगा माह भर अभियान, दर्जन भर फरार पर होगा इनाम घोषित : डीआईजी

ललितपुर । झांसी,पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा रेंज के जनपद झांसी, जालौन व ललितपुर के जनपद प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें महिला सम्बन्धी अपराधों, विभिन्न संगीन अपराधों, सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों आदि की समीक्षा कर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा 01-07-2024 से लागू होने वाले तीन नए कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023) के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत चर्चा की गयी। डीआईजी द्वारा अपराध समीक्षा बैठक से पूर्व रेन्ज के अन्तर्गत आने वाले जनपदों के साइबर थाना, क्राइम ब्रान्च, एएचटी(एंटी हयूमन ट्रेफिकिंग) के विवेचनाधिकारियों का




अर्दलीरूम (ओ.आर) कर लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण/समयवद्ध शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अपराध/साइबर क्राइम जनपद झाँसी आलोक अग्रहरि, क्षेत्राधिकारी अपराध जनपद जालौन राम सिंह, प्रभारी क्राइम ब्रान्च जनपद जालौन निरीक्षक बी.डी. उमराव व विवेचकगण मौजूद रहे।

अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही व पर्वो/त्योहारों के दौरान संवेदनशीलता के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु जनपद प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए तथा यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। गम्भीर अपराधों के अभियुक्त जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गौ तस्करी, वाहन चोरों, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर के अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 14(1) अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गये। लुटेरे, अवैध शराब व पशु तस्करों आदि पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी सतत निगरानी व सत्यापन करते सक्रिय दुर्दांत अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही के साथ ही उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# शार्ट न्यूज

## परीक्षा घोटाले के विरुद्ध शिक्षा मंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**विशाल इंडिया महेश सिंह**



लखनऊ। बार-बार होने वाले परीक्षा घोटालों के विरुद्ध इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग छात्र इकाई मुस्लिम स्टूडेंट फेडरेशन,के प्रदेश महासचिव मोहम्मद साद के नेतृत्व में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया साथ में जिला कनवीर मोहम्मद ताहा राजा किदवई सोहराव खान एडवोकेट की मौजूदगी में कड़ी कार्रवाई की माग को लेकर एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में बार-बार होने वाली गड़बड़ियों को ध्यान में लाने के लिए है। हश्वश्ज्ञ परीक्षा घोटालों के ठीक बाद, हश्वज्ञ-छ्वॠन परीक्षा का व्यापक रूप से रद्द होना छात्रों के दृष्टिकोण से एक हृदय विदारक घटना है। एनटीए की एक हरकत से वर्षों की तैयारी पर पानी फिर गया। कहने की जरूरत नहीं है कि परीक्षा में बार-बार होने वाली ऐसी छेड़छाड़ छात्रों के उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के मनोबल को कमजोर कर देगी। कदाचार को रोकने के लिए अचूक तंत्र घोटालेबाजों के लिए वरदान बन गया है और कई मामलों में सरकारी अधिकारियों और परीक्षा केंद्रों ने ऐसे धोखाधड़ी करने वालों की मदद की है। मुस्लिम स्टूडेंट्स फेडरेशन यह माइक्रा है कि ऐसी गड़बड़ियों को रोकने और ख़त्म हुए विश्वास को बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। और कसूरवारो को सख्त सजा दी जाय।

## अमेठी में बिजली गिरी, दो भाइयों की मौत

अमेठी जिला। अमेठी में आम बीनने गए दो युवकों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। युवकों की मौत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर जामो पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लिया। युवकों की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। दोनों मृत युवक रिश्ते में मौसेरे भाई थे। पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के लोरिकपुर गांव का है। जहां सुब्बा पांडेय का पुरवा रामशाहपुर गांव का रहने वाला मुकेश पासी (26) पुत्र नागेश्वर पास के ही गांव लोरिकपुर में अपने मौसी के घर गया था। मौसी के बेटे रंजीत कुमार (25) पुत्र रामसमुझ के साथ आम बीनने बाग में चला गया। आम बीनने के दौरान तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देने के साथ परिजनों को दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पर पहुंचे। पुलिस की मदद से दोनों को जामो सीएचसी ले जाया गया।

## शादी तोड़ने के शक में कर दी हत्या

गाजीपुर। गाजीपुर में विनोद यादव हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। स्वाट/सर्विलांस और सैदपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपनी शादी टूटने की रंजिश में हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। बता दें कि सैदपुर थाना क्षेत्र के मनसुखवा गांव निवासी विनोद यादव (38) भीतरी बाजार में जनरल स्टोर दुकान चलाते थे। वारदात की रात वह दुकान से घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में ही घर से लगभग 300 मीटर दूर लाठी डंडों से विनोद पर हमला कर दिया गया। इसके बाद हमलावर विनोद को अधमरा छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि विनोद की हत्या के आरोप में कुंदन उर्फ मोहित राजभर को सादात थाना क्षेत्र के ग्राम कटया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कुंदन के ऊपर पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि जिस लड़की से मेरी शादी तय थी, विनोद उस लड़की पर दबाव बनाता था कि मुझसे वह शादी न करे और उसके दबाव बनाने के कारण मेरी शादी टूट गई ।

## 12वीं की छात्रा से रेप कर अश्लील वीडियो बनाई

मुरादाबाद। मुरादाबाद में 12वीं की छात्रा से रेप की घटना सामने आई है। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी उसे ब्लैकमेल करता रहा। पीड़िता ने परेशान होकर घर वालों को आपबीती बताई। इसके बाद पीड़िता के पिता ने मझोला थाने में आरोपी युवक के खिलाफ घटना की एफआईआर कराई है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर बताया- पीड़िता के पिता की तहरीर पर मझोला थाने में आरोपी युवक अमन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पीड़िता मझोला थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसके पिता ने पुलिस को बताया है कि शाहपुर तिगरी का रहने वाला अमन उनकी बेटी का स्कूल आते-जाते पीछा करता था। इसी दौरान आरोपी ने उसे अपनी बातों में फंसा लिया। 16 जून को छात्रा घर पर अकेली थी। बाकी परिजन किसी काम से घर से बाहर गए थे। इसका फायदा उठाकर आरोपी अमन छात्रा के घर पहुंच गया। उसने छात्रा को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ दिया। इसे पीने के बाद छात्रा बेहोश हो गई।

## इटावा में तालाब में डूबकर युवक की मौत

इटावा। इटावा में पैर फिसलने से तालाब में गिरे युवक की मौत हो गई। रात में तालाब किनारे वह टॉयलेट के लिए गया था, जहां उसका पैर फिसल गया। युवक को तालाब में डूबता देख राहगीरों ने आसपास के लोगों को बुलाया। गोताखोरों ने करीब ढाई घंटे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मानियामऊ निवासी अमर सिंह का बेटा संजय कुमार (32) उर्फ संजू मंगलवार सुबह करीब 5 बजे घर के सामने बने तालाब के किनारे टायलेट करने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से संजय गहरे तालाब में गिर गया तभी परिवार के भुवनेश ने तालाब में डूबते देख लिया। वह भी संजय को बचाने के लिए तालाब में कूदा, लेकिन खुद भी डूबने लगा तो बाहर निकल आया। घटना की जानकारी होते ही परिजन और आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। तालाब गहरा होने से लोग उसमें घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सके। कुछ देर बाद गांव और क्षेत्र से बुलाए गए गोताखोरों ने जाल डालकर हिम्मत कर तालाब में घुसकर तलाश शुरू की।

## अमरोहा में विकास भवन में लगी आग

अमरोहा। अमरोहा के विकास भवन में मंगलवार दोपहर विकास भवन के ग्राउंड फ्लोर पर विद्युत लाइन में फाल्ट के बाद आग लग गई। आग लगते ही आसपास मौजूद लोग बाहर की ओर भागने लगे। कुछ देर तक विकास भवन में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। बताया जा रहा है कि आग विकास भवन की विद्युत लाइन में लगी है। कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि बिजली के तार जल गए हैं। दरअसल यह घटना मंगलवार को दोपहर उस तब हुई, जब विकास भवन में काफी चहल पहल थी। अचानक ग्राउंड फ्लोर पर बैंक के पास विद्युत लाइन में फाल्ट हो गया। धमाके की आवाज के साथ बिजली के तारों से लपटें उठने लगी। चारों ओर धुआं धुआं हो गया। आग लगती देख वहां मौजूद लोग बाहर की ओर भागने लगे। करीब आधे घंटे तक विकास भवन में अफरा तफरी का माहौल रहा। घटना के बाद विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

## सहारनपुर में गन पॉइंट पर किन्नरों के घर लूट

सहारनपुर। सहारनपुर में किन्नरों के घर में तीन बदमाश घुस गए। सोमवार शाम 7: 39 बजे बदमाशों ने घर में घुसकर लूटपाट की। बदमाशों ने घर में तमंचा लहराया। गोली चलाई, लेकिन फायर मिस कर गया। डेढ़ लाख रुपए और एक सोने की चेन लूटने की बात सामने आई है। मामला थाना कुतुबशेर के मोहल्ला पटेल नगर का है। मोहल्ला पटेल नगर में किन्नर हाजी जमशेद उर्फ महुआ के घर में तीन बदमाश तमंचों के साथ घुस गए। पहले तीनों बदमाशों ने घर के दरवाजे को खटखटाया। किन्नरों से कहा- बेटा हुआ है। इसी का इनाम देने आया हूं। इसके बाद किन्नरों ने गेट खोला। पहले एक युवक ने मिठाई खिलाई। फिर युवक घर से बाहर चला गया। गेट के बाहर खड़े अपने साथियों को बुला लिया। सभी के हाथ में तमंचे थे। तीनों ने घर में घुसकर गेट बंद का लिया। किन्नर कुछ समझ पाते, बदमाशों ने तमंचा निकाल लिए।

## कोरियाई विमान 15 मिनट में 27 हजार फीट नीचे आया, यात्रियों के कान से खून निकला, 17 घायल

सियोल। दक्षिण कोरिया से ताइवान जाने वाली बोइंग की फ्लाइट केई189 उड़ान भरने के कुछ देर बाद अचानक 26,900 फीट नीचे आ गई, जिसके बाद इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान कई यात्रियों को सांस लेने में दिक्कत हुई और कान में दर्द हुआ। इसके बाद फ्लाइट के क्रू मेंबर्स ने यात्रियों को ऑक्सीजन मास्क लगाने को कहा। फ्लाइट ने शनिवार को स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजकर 45 मिनट पर दक्षिण कोरिया के इंचियोन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उड़ान के 50 मिनट बाद ही उसमें तकनीकी खराबी आ गई। इसके कारण फ्लाइट 15 मिनट में ही 26,900 फीट नीचे आ गई। उस समय यह दक्षिण कोरिया के जेजू द्वीप के ऊपर थी। तब विमान के प्रेशर सिस्टम ने तकनीकी खराबी का सिग्नल दिया, जिसके बाद फ्लाइट को टेकऑफ की लोकेशन इंचियोन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया।

**15 यात्रियों के कान में दर्द**

फ्लाइट की ऊंचाई अचानक कम होने की वजह से घायल हुए 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि उन्हें कुछ समय बाद ही डिस्चार्ज कर दिया गया था। वहीं 15 यात्रियों ने कान के परदे में दर्द या हाइपरवेंटिलेशन की शिकायत की। यात्रियों ने बताया कि वे लोग बहुत डर गए थे और विमान में मौजूद बच्चे रोने लगे थे। यात्रियों को डर था कि कहीं फ्लाइट नीचे न गिर जाए। कोरियन एविएशन अथॉरिटी ने फ्लाइट की तकनीकी खराबी का कारण जानने के लिए जांच के आदेश दे दिए है। सभी यात्रियों को 19 घंटे बाद एक दूसरी फ्लाइट से ताइवान के ताइपे पहुंचा गया।

## क्रीमिया पर हमले में अमेरिका मिसाइलों का इस्तेमाल....रुस नाराज

मास्को। रूस के कब्जे वाले क्रीमिया पर यूक्रेन के हमले में अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल पर रूसी विदेश मंत्रालय ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए अमेरिकी राजदूत को तलब किया। इस हमले में चार लोगों की मौत हुई और 150 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका, यूक्रेन के युद्ध में ''प्रभावी रूप से एक पक्ष बन गया है'' और ''निश्चित रूप से जवाबी कार्रवाई की जाएगी।'' क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था। रूसी अधिकारियों ने कहा कि हमले में मारे गए लोगों में दो बच्चे भी शामिल थे, जो बंदरगाह शहर सेवस्तोपोल के तटीय क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा दागी गईं मिसाइलों के मलबे की चपेट में आ गए। रूसी अधिकारियों ने कहा कि हमलों में क्लस्टर हथियारों का इस्तेमाल हुआ। जिसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि लड़ाकों की तुलना में आम नागरिकों को इससे ज्यादा नुकसान होता है। रूस ने कहा कि ये मिसाइलें अमेरिका में बनी एटीएसीएमएस थीं, जो लंबी दूरी की निर्देशित मिसाइल है। रूस ने अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी को विदेश मंत्रालय में तलब किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ''रूसी क्षेत्र में हमले को अनदेखा नहीं किया जाएगा।' रूस के आक्रमण के बाद से यूक्रेन की सेना पश्चिमी देशों से मिलने वाले हथियारों पर काफी हद तक निर्भर रही है। हालांकि, कुछ पश्चिमी देश रूस की नाराजगी के कारण यूक्रेन की सेना को और ज्यादा तथा परिष्कृत हथियार सहायता प्रदान करने में हिचकिचा रहे हैं।

## गाजा में युद्ध को समाप्त होने की संभावनाए कम

तेल अवीव। गाजा में युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव पर उस समय संदेह के बादल छा गए जब इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल आंशिक युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होऊंगा। जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया। नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए लगभग 120 लोगों का जिक्र कर कहा कि वह आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं और यह कोई रहस्य नहीं है जिससे हमें कुछ लोग वापस मिल जाएंगे। उन्होंने कहा, लेकिन हम हमास को खत्म करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक विराम के बाद युद्ध जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं इस छोड़ने को तैयार नहीं हूं। नेतन्याहू की यह टिप्पणी संवेदनशील समय में आई है जब इजराइल और हमास नवीनतम युद्ध विराम प्रस्ताव को लेकर और भी दूर होते दिख रहे हैं और यह युद्ध को समाप्त करने की कोशिश कर रहे मध्यस्थों के लिए एक और झटका हो सकता है।

## ईरान के सर्वोच्च नेता ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में मतदान की अपील की

दुबई। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में ''दुश्मन पर काबू पाने'' के लिए ''अधिक से अधिक संख्या'' में मतदान करने की अपील की है। खामेनेई ने शिया समुदाय के त्यौहार ईद-उल-गदीर के मौके पर दिए गए भाषण में यह टिप्पणी की। उन्होंने लोगों से ''अमेरिका मुर्दाबाद'' और ''इजराइल मुर्दाबाद'' के नारे कई बार लगवाए। खामेनेई के समर्थक एवं ईरान के कट्टरपंथी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए थे जिसके कारण देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराना अनिवार्य हो गया। इस साल की शुरुआत में देश में हुए संसदीय चुनाव में न्यूनतम मतदान हुआ था।

## हज के दौरान लू लगने से अमेरिकी दंपत्ति की मौत, परेशान बेटी ने किए चौंकाने वाले खुलासे




सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले 1,300 लोगों में एक अमेरिकी दंपत्ति भी शामिल था। उनकी पहचान बॉवी, मैरीलैंड के निवासियों के रूप में की गई। उनकी बेटी के अनुसार, हीट स्ट्रोक का शिकार होने से पहले 71 वर्षीय अल्हाजी अलीउ डौसी वुरी और 65 वर्षीय हाजा इसतु वुरी दोनों चिलचिलाती तापमान में 'दो घंटे से अधिक समय तक चले। इस वर्ष के हज के दौरान तापमान, जिसमें 1.8 मिलियन तीर्थयात्रियों ने भाग लिया, 122F (50C) को पार कर गया है। बीबीसी से बात करते हुए सईदा वुरी ने कहा कि उनके माता-पिता के टूर ऑपरेटर ने पर्याप्त भोजन और पेय पदार्थ जैसे अपने कई वादे पूरे नहीं किए हैं। सऊदी अरब पहुंचने के दो सप्ताह बादयह जोड़ा रविवार, 16 जून को लापता हो गया। उनकी परेशान बेटी को कुछ दिनों बाद उनके निधन के बारे में पता चला। सईदा के अनुसार, उनके माता-पिता ने हज के लिए मध्य पूर्व की यात्रा के लिए प्रत्येक को 11,500 डॉलर का भुगतान किया था, यह देखते हुए कि यह उनके लिए 'बहुत महत्वपूर्ण' था।' यह कुछ ऐसा है जो वे अपने पूरे जीवन करना चाहते थे। वे बेहद उत्साहित थे।' मैरीलैंड से संचालित एक अमेरिकी टूरिंग फर्म द्वारा लगभग 100 अन्य तीर्थयात्रियों के एक समूह के साथ उनकी यात्रा की व्यवस्था की गई थी। यह दावा करते हुए कि टूर ऑपरेटर ने उसके माता-पिता को 'वादा की गई बहुत सी चीजें' प्रदान नहीं कीं, उसने कहा- 'उन्हें अपने लिए भोजन ढूंढने में कई दिन लग गए, जबकि पैकेज में हर दिन भोजन के साथ आना था।' उन्होंने यात्रा के लिए वादा किए गए आवश्यक परमिट और पंजीकरण उपलब्ध नहीं कराने के लिए टूर ऑपरेटर की आलोचना की।

## स्पेन ने यूक्रेन को दी पैट्रियट मिसाइलों का दूसरी खेप

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच स्पेन ने यूक्रेन को पैट्रियट एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों के दूसरी खेप की आपूर्ति कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार मिसाइलों के दूसरे बैच की आपूर्ति 21 जून को की गई। मिसाइलों के अलावा, शिपमेंट में लियोपार्ड टैंक, विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद, एंटी-ड्रोन सिस्टम, ऑप्टिकल-इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली और रिमोट-नियंत्रित बुर्ज शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा कि मई के अंत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने स्पेन की राजधानी मैड्रिड में एक द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए।



तेहरान में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सईद जलीली के समर्थक चुनाव अभियान के दौरान उमड़ पड़े।

## चांद के सबसे अंधेरे हिस्से से मिट्टी लाया चीन, ऐसा करने वाला पहला देश बना, 2030 तक इंसानों को चांद पर भेजने का लक्ष्य

बीजिंग। चीन का मून मिशन चांद की सतह से मिट्टी लेकर धरती पर पहुंच गया है। इसी के साथ वह पहला देश बन गया है, जो चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने में सफल रहा है। चीनी नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन का चैंग ई-6 लैंडर 53 दिन बाद कैप्सूल में सैंपल



लेकर धरती पर लौटा है। चीन ने 3 मई को चैंग ई-6 मिशन लॉन्च किया था। इस प्रोब का लक्ष्य चांद के सबसे दूर वाले हिस्से (जहां अंधेरा होता है) पर जाकर सैंपल इकट्ठे करके इन्हें धरती पर भेजना था। चीन ने 2030 तक इंसान को चांद पर भेजने का लक्ष्य रखा है। यह मिशन भी उसी टारगेट का हिस्सा है। अभी तक चांद पर जा चुके सभी 10 लूनर मिशन पास वाले हिस्से (जो हमें दिखता है) पर ही पहुंचे हैं। इनमें भारत और अमेरिका भी शामिल हैं। ऐसे में चांद ने फार साइड से सैंपल लाकर स्पेस रेस में अमेरिका को कड़ी चुनौती दी है।

**चांद की सतह से 2 किलो मिट्टी लाया**

दरअसल, अब तक की रिसर्च में संभावना जताई गई है कि चांद के इस हिस्से पर बर्फ के तौर पर पानी मौजूद है। अमेरिका भी चांद के इसी हिस्से पर अपना बेस बनाना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, चैंग ई-6 मिशन अपने साथ चांद की सतह से 2 किलो मिट्टी लेकर लौटा है। चांद की सतह से सैंपल इकट्ठे करने के लिए ड्रिल और रोबोटिक आर्म का इस्तेमाल किया गया था। इसके जरिए चांद पर मौजूद 4 अरब साल पुराने क्रेटर से मिट्टी निकाली गई। इसके बाद सैंपल को एक कैप्सूल में डालकर री-एंट्री व्हीकल में ट्रांसफर किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से रूस पर बड़ा एक्शन, यूक्रेन में नागरिकों पर हमला करने के लिए अधिकारियों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी

**कीव (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने मंगलवार को यूक्रेन में नागरिक ठिकानों पर हमला करने के लिए रूस के पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू और उसके सैन्य प्रमुख जनरल वालेरी गेरासिमोव के खिलाफ युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह ऐसे समय में हुआ है जब हाल के दिनों में मॉस्को और कीव के बीच तीव्र लड़ाई हुई है जिसमें कई लोग मारे गए हैं।

एक एक आधिकारिक बयान मेंअदालत ने कहा कि ÷विश्वास करने के लिए उचित आधार हैं÷ कि दोनों अधिकारी नागरिक वस्तुओं पर हमलों का निर्देश देने और नागरिकों को अत्यधिक नुकसान पहुंचाने के युद्ध अपराध में शामिल हैं। वे कम से कम 10 अक्टूबर, 2022 से कम से कम 9 मार्च, 2023 तक यूक्रेनी विद्युत बुनियादी ढांचे के खिलाफ रूसी सशस्त्र बलों द्वारा किए गए मिसाइल हमलों की भी जिम्मेदारी लेते हैं।



रूस, यूक्रेन की तरह आईसीसी का सदस्य नहीं है। उसने बार-बार कहा है कि यूक्रेन का ऊर्जा बुनियादी ढांचा एक वैध सैन्य लक्ष्य है और नागरिकों या नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने से इनकार करता है। हालाँकि, अदालत के पास गिरफ्तारी को लागू करने का कोई साधन नहीं है, और इसके पिछले कई फैसलों को अतीत में नजरअंदाज कर दिया गया है क्योंकि इसके पास अपनी कोई ताकत नहीं है।

## ग्लेशियर पर बनी झील की दीवार टूटी, फ्रांस-स्विट्ज़रलैंड में दर्दनाक हादसा



**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस में खूब बारिश के बाद ग्लेशियर पर बनी झील की दीवार टूटी। यानी ग्लेशियल लेक टूटी। इसके बाद पानी, बड़े बर्फ के टुकड़े, पत्थर, मिट्टी और मलबा बहते हुए तेजी से ला बेरार्डे गांव में आया। यह फ्रांस का खूबसूरत स्की रिजॉर्ट है। जहां दुनिया भर से स्कीयर आते हैं। ला बेरार्डे से करीब 135 किलोमीटर दूर स्विट्जरलैंड के जरमैट में इसी तरह का मौसम बना। वहां भी मैटरविस्पा नदी में फ्लैश फ्लड आया। जिससे नदी के किनारे टूट गए। इसकी वजह से जरमैट कस्बे में बाढ़ आ गई। पूरे कस्बे में यातायात बंद हो गया। न ट्रेन चल रही है। न ही गाड़ियों के चलने लायक सड़क बची है। स्विट्जरलैंड में प्रशासन ने इस आपदा को चौथे स्तर की आपदा बताई है। रोन नदी और उसकी शाखाएं भी बाढ़ग्रस्त हैं। प्रशासन को आशंका है कि इसकी वजह से और जगहों पर भी बाढ़ आएगी। जहां से आपदा आई, वो एल्प्स के पहाड़ कम से कम 4000 मीटर ऊंचे हैं।

अच्छी बात ये है कि इस घटना में किसी के मौत की खबर नहीं आई है। हालांकि पूरा कस्बा बर्बाद हो गया है। घर टूट गए हैं। सड़कें लापता हो गई हैं। सैकड़ों लोगों यानी कस्बे के स्थानीय लोग और पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। इमरजेंसी सर्विसेस ने हेलिकॉप्टर के जरिए वहां फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। ला बेरार्डे के ऊपर एल्प्स के पहाड़ हैं। जहां पर बॉनपियरे ग्लेशियर मौजूद है। यह ग्लेशियर 2600 मीटर यानी 8530 फीट ऊपर ग्लेशियल लेक टूटी। यह लेक 40 घंटे पहले ही बनी थी। वैज्ञानिक इसे सुप्राग्लेशियल लेक कह रहे हैं। यानी बारिश और बर्फ के पिघलने से तत्काल बनी झील। जिसकी दीवार टूटी तो ला बेरार्डे में आपदा आई। बता दें कि एकरिन नेशनल पार्क में आता है, जो एल्प्स की पहाड़ियों में बसा है। लगातार बारिश की वजह से 2600 मीटर की ऊंचाई पर मौजूद बर्फ पिघली। ग्लेशियल लेक टूटी और इससे फ्लैश फ्लड आया। अचानक आई इस बाढ़ ने इटैनकॉन्स टोरेंट नाम के ब्रिज को तोड़ दिया। यह इकलौता ब्रिज था, जिसके जरिए ला बेरार्डे जाया जाता था।

## पाकिस्तान में फैला कांगो वायरस, एक युवक की मौत, अलर्ट जारी, बुखार, पीठ दर्द, उल्टी, मांसपेशियों में दर्द, गले में खराश हैं लक्षण

इस्लामाबाद। दुनिया अभी महामारी यानी कोविड-19 को भूल भी नहीं पाई है कि अब भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान से एक और वायरस की खबर आ रही है। पाकिस्तान में कांगो वायरस कहर ढा रहा है। इसके मामले बढ़ रहे हैं इससे पाकिस्तान सरकार की चिंताएं बढ़ गई हैं। पाकिस्तान के कई शहरों में कांगो वायरस से संक्रमण की खबरें सामने आ रही हैं। कांगो वायरस का ताजा मामला पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रान्त से सामने आया है। जहां 32 साल के एक युवक में कांगो वायरस पाया गया है। पाकिस्तान में कांगो वायरस का यह अब तक का 13वां मामला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांगो वायरस से संक्रमित एक शख्स की अब तक जान भी जा चुकी है। पाकिस्तान के स्वास्थ्य विभाग ने कांगो वायरस को लेकर अलर्ट जारी किया है। लोगों को बुखार, पीठ में दर्द, उल्टी, सिरदर्द, दस्त, मांसपेशियों में दर्द, गले मे खराश होने पर तुरंत जांच कराने की सलाह दी है। कांगो वायरस भेड़ बकरियों, खरगोश जैसे मवेशियों से फैलता है। इससे पहले, कांगो वायरस से पीड़ित एक युवक ने पेशावर में मौत हो चुकी है।

## निज्जर की याद में मौन रखना... चरमपंथ और हिंसा को बढ़ावा देना

### – कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने अपनी सरकार को दिखाया आईना



**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा के एक सांसद ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की याद में मौन रखने के फैसले की कड़ी आलोचना कर अपनी ही सरकार को घेरा है। नेपियन सीट से सांसद भारतीय मूल के चंद्र आर्य ने कहा कि जांच में खुलासा हुआ है कि निज्जर का संबंध चरमपंथियों से था, इसके बाद उसकी याद में संसद में मौन रखने के सरकार के फैसले पर निराशा जाहिर की।

रिपोर्ट्स के अनुसार, चंद्र आर्य ने कहा, जब संसद में किसी के सम्मान में मौन रखने का फैसला किया जाता है, तब यह बहुत ही खास होता है और कुछ महान कनाडाई लोगों के लिए ऐसा किया जाता है, लेकिन निज्जर उन लोगों में से नहीं हैं। उन्होंने निज्जर की हत्या को विदेशी सरकार से जोड़ने के विश्वसनीय आरोपों के बावजूद निज्जर को इतना सम्मान देने की आलोचना की।

उल्लेखनीय है कि बीती 18 जून को कनाडा की संसद में सभी सांसदों ने निज्जर के लिए मौन रखा। निज्जर की एक साल पहले ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने इस हत्या का आरोप भारत सरकार पर लगाया था। ट्रूडो के आरोपों को भारत ने बेतुका बताकर खारिज कर दिया था। इसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में खटास आ गई। चंद्र आर्य उन सांसदों में शामिल हैं, जो भारत के साथ मिलकर काम करने की वकालत करते हैं। आर्य ने चिंता जताकर कहा कि जांच में पता चला है कि निज्जर ने फर्जी पासपोर्ट का उपयोग करके कनाडा में प्रवेश किया था, हिंसा को बढ़ावा दिया और खालिस्तान की वकालत करने वाले सिख आतंकवादियों से जुड़ा हुआ था। जांच में निज्जर की कनाडा की नो-फ्लाई सूची में मौजूदगी और पुलिस पूछताछ के कई उदाहरण भी सामने आए।

## विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे रिहा, जासूसी के लगे थे आरोप

**लंदन (एजेंसी)।** विकीलीक्स के संस्थापक 52 वर्षीय जूलियन असांजे पर अफगानिस्तान और इराक में युद्धों से संबंधित अमेरिकी सेना की खुफिया जानकारियों को लीक करने का आरोप है। उन्होंने क्लासीफाइड अमेरिकी दस्तावेजों को प्राप्त करने और उन्हें उजागर करने की साजिश रचने के आपराधिक मामले में अपनी गलती मानने पर हामी भर दी है। अब असांजे इस सप्ताह अमेरिकी जासूसी कानून का उल्लंघन करने के लिए अपराध स्वीकार करेंगे। इस डील के तहत ब्रिटेन में उनकी कैद खत्म हो गई है और उन्हें ऑस्ट्रेलिया लौटने की इजाजत भी मिल गई।

जूलियन असांजे को बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजे साइपन द्वीप पर होने वाली सुनवाई में 62 महीने की सजा सुनाई जानी है। जूलियन पहले ही अपनी सजा काट चुके हैं। विकीलीक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि वह सोमवार को यूके की बेलमार्श जेल से बाहर आए और फिर यूके हाई कोर्ट ने उसे जमानत दे दी है। उसी दोपहर वह फ्लाइट में भी बैठ गए। विकीलीक्स द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में नीली शर्ट और जींस पहने असांजे को एक निजी जेट में सवार होने से पहले एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करते हुए दिखाया गया है। असांजे को पहली बार 2010 में ब्रिटेन में एक यूरोपीय



गिरफ्तारी वारंट पर गिरफ्तार किया गया था, जब स्वीडिश अधिकारियों ने कहा था कि वे उनसे यौन-अपराध के आरोपों पर पूछताछ करना चाहते हैं। इन आरोपों को बाद में हटा दिया गया था। वह स्वीडन में प्रत्यर्पण से बचने के लिए इक्वाडोर के एम्बेसी में चले गए थे, जहां वह सात साल तक रहे। उन्हें 2019 में एम्बेसी से बाहर निकाला गया और जेल में डाल दिया गया। वह तब से लंदन की बेलमार्श जेल में है, जहां से वह लगभग पांच सालों से अमेरिका में प्रत्यर्पण के लिए लड़ रहे थे।

असांजे के खिलाफ आरोपों ने उनके कई समर्थकों में आक्रोश पैदा कर दिया था। उन्होंने तर्क दिया है कि विकीलीक्स के प्रकाशक के रूप में असांजे को उन आरोपों का सामना नहीं करना चाहिए जो आमतौर पर सरकार के कर्मचारियों के खिलाफ लगाए जाते हैं, जो जानकारी चुराते या लीक करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार के प्रवक्ता ने कहा, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने स्पष्ट कहा है कि असांजे का मामला बहुत लंबा खिंच गया है और उन्हें लगातार जेल में रखने से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। 2010 में विकीलीक्स ने अफगानिस्तान और इराक में अमेरिका के युद्धों से संबंधित लाखों क्लासीफाइड अमेरिकी सैन्य दस्तावेज़ लीक कर दिए थे। अमेरिकी सैन्य इतिहास में यह इस तरह का सबसे बड़ा सुरक्षा उल्लंघन था। असांजे पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के दौरान विकीलीक्स द्वारा गुप्त अमेरिकी दस्तावेज़ों को बड़े पैमाने पर जारी करने के लिए अभियोग लगाया गया था। इन दस्तावेजों को चेल्सी मैनिंग ने लीक किया था। मैनिंग, एक पूर्व अमेरिकी सैन्य खुफिया विश्लेषक हैं जिन पर अमेरिका के जासूसी अधिनियम के तहत मुकदमा भी चलाया गया था। 7,00,000 से अधिक दस्तावेजों के इस संग्रह में डिप्लोमेटिक केबल और युद्ध के मैदान के विवरण शामिल थे। इनमें 2007 का एक वीडियो भी शामिल था जिसमें एक अमेरिकी अपाचे हेलीकॉप्टर इराक में संदिग्ध विद्रोहियों पर फायरिंग कर रहा था, जिसमें एक दर्जन लोग मारे गए थे।

## भारत के इस कदम से बौखला उठेगा अमेरिका, यूक्रेन युद्ध के बाद पहली बार क्या करने जा रहे पीएम मोदी

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और रूस पूरी तैयारी में हैं क्योंकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जुलाई में रूस का दौरा करने की उम्मीद है। रूसी मीडिया ने मंगलवार को क्रेमलिन के एक सहयोगी के हवाले से कहा कि पिछले साल रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा उन्हें आमंत्रित किए जाने के बाद पीएम मोदी जुलाई में रूस का दौरा कर सकते हैं। क्रेमलिन ने मार्च में कहा था कि मोदी को रूस आने का खुला निमंत्रण है और पुतिन के साथ बैठक होगी। विशेष रूप से, पुतिन ने पिछले साल मॉस्को में विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी, जहां उन्होंने पीएम मोदी को 2024 में रूस आने का निमंत्रण दिया था। पुतिन ने जयशंकर से कहा कि अपने दोस्त, प्रधान मंत्री मोदी को रूस में देखकर खुशी होगी।

अगर पीएम मोदी रूस जाते हैं तो वह और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तीन साल के अंतराल के बाद भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित करने के लिए तैयार हैं। भारत के प्रधान मंत्री और रूस के राष्ट्रपति के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में सर्वोच्च संस्थागत संवाद तंत्र है। यह पीएम मोदी की पांच साल में पहली रूस यात्रा भी होगी। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हम सभी मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करने में सक्षम होंगे, रूसी-भारत संबंधों के विकास के दृष्टिकोण के बारे में बात करेंगे। हमारे पास करने के लिए बहुत बड़ा काम है।

उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री से निमंत्रण के साथ पीएम मोदी को अपनी ÷शुभकामनाएं÷ देने के लिए कहा। जयशंकर ने यह भी कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधान मंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन इस साल वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए मिलेंगे, यह देखते हुए कि दोनों नेता इस पूरे वर्ष लगातार संपर्क में रहे हैं।



# बांग्लादेश पर अफगानिस्तान की जीत के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेविड वार्नर का सफर खत्म




**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डेविड वार्नर के उपलब्धियों और विवादों से भरे 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ निराशाजनक अंत हो गया। अफगानिस्तान की जीत के साथ पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ 2021 का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सिर्फ दो अंक के साथ सुपर आठ ग्रुप एक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ चौंकाने वाली हार के अलावा भारत के खिलाफ भी शिकस्त झेलनी पड़ी।

जनवरी 2009 में टी20 मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में भारत के खिलाफ खेला जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से एक वार्नर को गॉर्ड ऑफ ऑनर नहीं मिल सका और ना ही दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने छह गेंद में छह रन बनाए और अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। वह सिर झुकाए मैदान से बाहर चले गए, उन्हें नहीं पता था कि यह उनका आखिरी मैच था या नहीं।

वार्नर ने नवंबर 2023 में भारत में विश्व कप फाइनल जीत के रूप में अपना आखिरी एकदिवसीय मैच और इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम टेस्ट खेला। उन्होंने काफी पहले ही संकेत दे दिया था कि यह टी20 विश्व कप उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। वार्नर ने 110 मैच में 33.43 के औसत और 142.47 के स्ट्राइक रेट से 3,277 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर और दुनिया के सातवें सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में टी20 प्रारूप से संन्यास लिया। उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में एक शतक और 28 अर्द्धशतक बनाए।

उन्होंने 2011 से 2024 के बीच 112 टेस्ट में 44.59 की औसत से 26 शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ 8,786 रन बनाए जबकि 161 एकदिवसीय मुकाबलों में 22 शतक और 33 अर्धशतक की मदद से 45.30 की औसत से 6,932 रन जोड़े। वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 49 शतक और 19,000 के करीब रन बनाए। उन्होंने स्वीकार किया था कि उनका नाम हमेशा के लिए 'सैंडपेपर गेट प्रकरण' से जुड़ा रहेगा जो 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान केपटाउन के न्यूलैंड्स में हुआ था।

न्यूलैंड्स टेस्ट में कैमरन बेनक्रॉफ्ट ने गेंद को खुरचने के लिए सैंडपेपर का इस्तेमाल किया था और प्रकरण में शामिल होने के लिए वार्नर पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था। तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ को भी यही सजा मिली थी। वार्नर को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट ढांचे में किसी भी नेतृत्व की भूमिका निभाने से भी आजीवन प्रतिबंधित कर दिया गया था। पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच सुपर आठ के मुकाबले से पहले नॉर्थ साउंड में उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि यह अपरिहार्य होगा कि जब लोग 20 या 30 साल बाद मेरे बारे में बात करेंगे तो हमेशा सैंडपेपर प्रकरण की चर्चा होगी।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन मेरे लिए अगर वे वास्तव में क्रिकेट प्रेमी हैं और उन्हें क्रिकेट से प्यार है, (साथ ही) मेरे सबसे करीबी समर्थक हैं, तो वे हमेशा मुझे उस क्रिकेटर के रूप में देखेंगे - जिसने खेल को बदलने की कोशिश की।

# अब खिलाड़ियों क लिए आचार संहिता बनाएगा पीसीबी

**–बड़े टूर्नामेंट में परिवार को साथ ले जाने पर भी लगेगी रोक**


**कराची (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप में पाकिस्तान टीम के बेहद खराब प्रदर्शन के बाद से ही पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) बेहद दबाव में है। ऐसे में वह बड़े बदलाव करने की योजना बना रहा है जिससे की हालात बदले जा सकें। पीसीबी अब खिलाड़ियों के लिए आचार संहिता भी बनाएगा जिससे खिलाड़ी अन्य बातों पर ध्यान न देते हुए खेल में ही लगे रहे। इसका कारण ये है कि अमेरिका में विश्वकप के दौरान खिलाड़ियों के परिवार को लेकर जाने और अन्य प्रचार कार्यक्रमों में शामिल होने से पीसीबी की जमकर किरकिरी हुई है। इसके अलावा जिस प्रकार से तेज गेंदबाज हारिस राउफ ने प्रशंसकों से झगड़ा किया था उसे भी पीसीबी ने गंभीरता से लिया है। टीम में गुटबाजी को भी पीसीबी ने गंभीरता से लिया है। कई पूर्व खिलाड़ियों ने आरोप लगाये थे कि कप्तान बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाइन आफरीदी के गुटों में मतभेद हैं।

ये भी कहा जा रहा है कि पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी कुछ अधिकारियों से भी नाराज हैं। इन अधिकारियों को टीम में व्याप्त अनुशासनहीनता के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। ऐसे में कहा जा रहा है कि पीसीबी भविष्य में वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के कुछ अधिकारियों को बाहर कर देगा और खिलाड़ियों के लिए कुछ सख्त नीतियां भी लागू करेगा।

एक रिपोर्ट के अनुसार खिलाड़ियों को आईसीसी और अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं में अपने परिवारों को साथ ले जाने की अनुमति नहीं देने के बारे में फैसला भी पीसीबी कर सकता है। खिलाड़ी ना केवल अपनी पत्नियों और बच्चों को विश्व कप के लिए ले गए बल्कि उनके माता-पिता, भाई आदि भी टीम होटल में ठहरे जिससे अध्यक्ष नाराज हैं।

वहीं जब इस बारे में पूछताछ की गई कि खिलाड़ियों को अपने परिवार के सभी सदस्यों को दौरे पर ले जाने की अनुमति किसने दी तो पता चला कि इस फैसले के पीछे भी बोर्ड के ही कुछ वरिष्ठ अधिकारी थे। इससे नाराज पीसीबी प्रमुख ने अब वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के सभी अधिकारियों से प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा वह अगले साल की शुरुआत में पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए काम की प्रगति से भी संतुष्ट नहीं हैं। कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने डलास में एक 'मीट-एंड-ग्रीट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रति व्यक्ति 2500 डॉलर का शुल्क भी लिया। हैं।

# रोहित शर्मा ने बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी की, बतौर कप्तान जीते सबसे ज्यादा मैच




**सेंट लूसिया (एजेंसी)।** ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया) = स्टार भारतीय बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा जीत के मामले में बाबर आजम के उल्लेखनीय रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। रोहित शर्मा ने डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मैच में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की 24 रन की जीत के बाद यह उपलब्धि हासिल की।

फिलहाल रोहित शर्मा ने टी20 प्रारूप में 60 मैच खेलकर भारत को 48 जीत दिलाई हैं। इस बीच पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 85 मैचों में मेन इन ग्रीन का नेतृत्व किया और 48 जीत हासिल करने में सफल रहे। युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा 20 ओवर के प्रारूप में अपनी टीम को 45 जीत दिलाने के बाद लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं।

मैच की बात करें तो सेंट लुसिया के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर 8 के तहत खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया को 24 रन से विजयी मिली। रोहित शर्मा ने 41 गेंदों पर 92, सूर्यकुमार यादव ने 31, शिवम दुबे ने 28 और हार्दिक पांड्या ने 27 रन बनाकर स्कोर 205 तक पहुंचाया था। जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की ओर से ट्रेविस हेड ने 76 तो मिचेल मार्श ने 37 रन जरूर बनाए लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट खोकर 181 रन ही बनाए और 24 रन से मुकाबला गंवा दिया।

# सेमीफाइनल में पहुंचकर जश्न में डूबा अफगानिस्तान, दुनिया ने बांधे टीम की तारीफों के पुल



**काबुल (एजेंसी)।** दिग्गजों को जमींदोज करके टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की इस उपलब्धि ने पूरे देश को जश्न में सराबोर कर दिया और लोग सड़कों पर खुशियां बांटने निकल पड़े। बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के वर्षाबाधित मैच में अफगानिस्तान ने आठ रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज को भी बाहर कर दिया। इससे पहले ग्रुप चरण में उसने न्यूजीलैंड को हराया था।

नवीनुल हक ने जैसे ही मुस्ताफिजूर रहमान को पगबाधा आउट किया, खोस्त, पकतिया और काबुल में बड़ी तादाद में क्रिकेटप्रेमी जुटने लगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इन शहरों की तस्वीरें एक्स पर डाली है। इसके साथ कैप्शन दिया है, ' देखो कि सफलता के हमारे लिए क्या मायने हैं।'

एक और पोस्टर में हजारों प्रशंसकों को सड़कों पर, अपने घरों की बालकनी में और दुकानों की छतों पर जश्न मनाते देखा गया। कैप्शन में कहा गया, 'उन्हें पता है कि टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के नायकों की जीत का जश्न कैसे मनाना है।'

चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने लिखा, 'अफगानिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना अतुलनीय है। न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराया। यह जीत आपकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत की देन है। आपकी प्रगति पर गर्व है।'

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी ने टीम को बधाई देते हुए कहा, 'क्या शानदार मैच था। अफगानिस्तान टीम को बधाई।'

पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, 'क्या शानदार जीत। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचना। इसे ही तरक्की कहते हैं। बधाई हो।'

युवराज सिंह ने लिखा, 'शानदार नजारा। जबर्दस्त जीत। रोमांचक मैच। जज्बातों का सैलाब। पठान पहली बार सेमीफाइनल में। नवीनुल हक का मैच विनिंग प्रदर्शन। बेजोड़ क्रिकेट।'

# एमएलसी में छह टीमें भाग लेंगी

मुम्बई। अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एलएलसी) मुकाबले अगले माह चार जुलाई से शुरु होंगे। ऐसे में प्रशंसकों को एक बार फिर क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। टी20 विश्वकप के अमेरिकी चरण में दर्शकों ने यहां खेल का पूरा आनंद लिया है। वहीं अब एलएलसी में भी उसे कई दिग्गज क्रिकेटर खेलते हुए दिखेंगे। टेक्सास और उत्तरी कैरोलिना में 5 से 28 जुलाई तक होने वाले मेजर लीग क्रिकेट 2024 में छह टीमें हिस्सा लेंगी। मेजर लीग क्रिकेट या एमएलसी एक ट्वेंटी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट है और इंडियन प्रीमियर लीग के समान एक अमेरिकी टूर्नामेंट है। एमएलसी का पहला संस्करण पिछले साल आयोजित किया गया था। एमआई न्यूयॉर्क की टीम मौजूदा चैंपियन है। टीम एमएलसी 2023 फाइनल में सिएटल ओर्कास को हराकर पहले मेजर लीग क्रिकेट की विजेता बनी थी। एमएलसी 2024 सीज़न के ओपनर मैच पिछले साल के फाइनल मुकाबले के जैसा ही होगा, क्योंकि एमआई न्यूयॉर्क उत्तरी कैरोलिना के चर्च स्ट्रीट पार्क में एक बार फिर सिएटल ओर्कास का सामना करेगी। इसके बाद उसी दिन, टेक्सास सुपर किंग्स टेक्सास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में एलए नाइट राइडर्स की मेज़बानी करेगी। इस टूर्नामेंट में छह टीमें राउंड-रॉबिन लीग फॉर्मेट में 21 मैच खेलेंगी। पहले 15 मैच दो स्थानों – चर्च स्ट्रीट पार्क और ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में होंगे।

# विंबलडन में नजर नहीं आयेंगे मरे, पेरिस ओलंपिक में भी खेलना संदिग्ध

लंदन। ब्रिटेन के टेनिस स्टार एंडी मरे इस बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में नजर नहीं आयेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मरे की पीठ की सर्जरी हुई है। वहीं विंबलडन अगले माह शुरु हो रहा है। विंबलडन के अलावा उनका ओलंपिक में खेलना भी संदिग्ध है। एटीपी ने कहा कि दो बार के विंबलडन चैंपियन मरे को स्पाइनल सिस्ट को हटाने के लिए सर्जरी करवाने के बाद आगामी विंबलडन से बाहर कर दिया गया है। एटीपी ने अपने संदेश में कहा कि अभी वह आराम करें और फिट हो जाएं हालांकि उनकी कमी खेलेगी। वहीं इससे पहले, उन्होंने बुधवार को जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ अपने दूसरे दौर के मैच के पहले सेट में 4-1 से पिछड़ने के दौरान इसी चोट के कारण क्वींस क्लब चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया था।



फ्रेंच ओपन में खेलने से भी मरे की पीठ का दर्द बढ़ा था। वह पहले भी अपने करियर में चोटों से परेशान रहे हैं। साल 2019 में उन्होंने हिप सर्जरी कराकर वापसी की थी। उन्हें प्रमुख आयोजनों के नॉकआउट चरणों से आगे बढ़ना मुश्किल लगता है और हाल ही में उन्हें मार्च में मियामी ओपन में में भी घुटने में दर्द की परेशानी हुई थी।

# आगामी घरेलू सत्र से वापसी कर सकते हैं शार्दुल




लंदन। भारतीय टीम के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर अभी अगले तीन से चार माह तक खेल से दूर रहेंगे। शार्दुल के पैर की हाल ही में सर्जरी हुई है। ऐसे में वह आगामी घरेलू सत्र से पहले या ठीक उसी समय वापसी कर सकते हैं। शार्दुल को इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान चोट फिर से उभर आई थी। हालांकि इसके बाद भी वह रणजी ट्रॉफी में खेले थे पर इसके बाद उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से ब्रेक का अनुरोध किया था। शार्दुल बीसीसीआई के ग्रेड सी के वार्षिक अनुबंध धारक हैं इसलिए उनके इलाज का खर्च बोर्ड द्वारा उठाया गया। जहां तक उनकी वापसी का सवाल है तो इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है पर मामले माना जा रहा है कि वह सितंबर के बाद ही अभ्यास के लिए लौट पायेंगे।

पांच साल पहले 2019 में भी उनके पैर की सर्जरी हुई थी पर इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान यह चोट फिर से उभर आई थी। हालांकि वह पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में शानदार वापसी करने में सफल रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों के उबरने और तैयारी के लिए पर्याप्त समय के लिए बीसीसीआई से मैचों के बीच लंबे ब्रेक का अनुरोध किया था। आईपीएल में इस बार वह हालांकि असफल रहे थे। चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलते हुए उन्होंने नौ मैच में 9.75 की इकोनॉमी रेट से केवल पांच विकेट लिए।

# मेरे विकेटों का काफी श्रेय बुमराह को जाता है, कुलदीप चैम्पियन स्पिनर : अर्शदीप




**जॉर्जटाउन (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की सटीक गेंदबाजी से बाकी भारतीय गेंदबाजों को बेहद दबाव के हालात में भी विकेट लेने का मौका मिल जाता है। अर्शदीप अब तक टी20 विश्व कप में 11.86 की औसत और 7.41 की इकॉनॉमी रेट से 15 विकेट ले चुके हैं। दूसरी ओर बुमराह ने 11 विकेट लिए हैं लेकिन उनका इकॉनॉमी रेट 4.08 ही रहा है।

अर्शदीप ने कहा, 'मुझे लगता है कि काफी श्रेय जसप्रीत को जाता है क्योंकि वह बल्लेबाजों पर काफी दबाव बनाते हैं। वह तीन या चार रन ही एक ओवर में देते हैं।' उन्होंने कहा, 'ऐसे में मुझे सिर्फ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है और विकेट लेने के कई मौके मिल जाते हैं। वे मेरे खिलाफ अधिक जोखिम लेने लगते हैं और फिर विकेट मिलने के मौके बन जाते हैं। इसलिए इसका ज्यादा श्रेय जसप्रीत को जाता है।'

स्पिनर कुलदीप यादव तीन मैचों में सात विकेट ले चुके हैं। उनके बारे में अर्शदीप ने कहा, 'कुलदीप चैम्पियन स्पिनर है। उसे जब भी मौका मिलता है, वह विकेट लेता है। वह टीम का अहम खिलाड़ी है और उम्मीद है कि वह आगे और भी विकेट लेगा।' इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के बारे में उन्होंने कहा, 'इस समय मैं कुछ अपेक्षा नहीं कर रहा हूं। हालात देखकर समझेंगे कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कैसे कर सकते हैं।'

# सिर्फ ब्रायन लारा थे जिन्हें हमारे सेमीफाइनल में पहुंचने का यकीन था : राशिद खान

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** दो महीने पहले ब्रायन लारा ने अफगानिस्तान के टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना जताई थी तो कइयों को हैरानी हुई लेकिन यह करिश्मा कर दिखाने वाली टीम के कप्तान राशिद खान ने उनसे वादा किया था कि वह उनके भरोसे पर खरे उतरकर दिखाएंगे। और ऐसा ही हुआ। काबुलीवाला की कहानी वाले युद्ध से जर्जर इस देश की यह कामयाबी अब क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा होगी।

अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को आखिरी ग्रुप मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से आठ विकेट पर हराकर न सिर्फ पहली बार विश्व कप के अंतिम चार में जगह बनाई बल्कि ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज को भी टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। लारा ने मई में एक सवाल के जवाब में कहा था, 'वेस्टइंडीज, भारत और इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं। चौथे स्थान के लिए मेरा दाव एक डार्कहॉर्स अफगानिस्तान पर है। मैने ग्रुपिंग देखी नहीं है लेकिन अफगानिस्तान ने जितने विश्व कप उसने अतीत में खेले हैं, यह टीम प्रगति की राह पर है और अंतिम चार में जगह बना सकती है।%




राशिद ने सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के बाद कहा, 'हमारे लिये सेमीफाइनल में पहुंचना सपना सच होने जैसा है। हमने न्यूजीलैंड को हराया तो यह भरोसा बनने लगा था।% बांग्लादेश के खिलाफ मोर्चे से अगुवाई करके चार विकेट लेने वाले राशिद ने कहा, 'सिर्फ एक ही व्यक्ति है जिसने कहा था कि हम सेमीफाइनल तक पहुंच सकते हैं और वह ब्रायन लारा हैं। हमने उन्हें सही साबित कर दिखाया। जब हम स्वागत पार्टी में उनसे मिले तो मैने उनसे कहा था कि हम आपके भरोसे पर खरे उतरेंगे।'

सेमीफाइनल में 27 जून को अफगानिस्तान का सामना दक्षिण अफ्रीका से और भारत की टक्कर इंग्लैंड से होगी। तेज गेंदबाज नवीनुल हक और फजलहक फारूकी ने पूरे टूर्नामेंट में नयी गेंद से शानदार प्रदर्शन किया। लारा ने कहा, 'टी20 क्रिकेट में अच्छी शुरूआत से बीच के ओवरों में मदद मिलती है। पूरे टूर्नामेंट में इन दोनों ने शानदार शुरूआत दी जिससे हमारी राह आसान हो गई।'

बारिश के कारण खेल कई बार रोका गया। राशिद ने कहा कि वे दस विकेट लेने के लिए मानसिक रूप से तैयार थे। उन्होंने कहा, 'बारिश हमारे हाथ में नहीं है लेकिन हमें पता था कि पूरे 20 ओवर खेलकर दस विकेट लेने हैं। इसी तरीके से हम जीत सकते थे। गुलबदिन को ऐंठन हो गई थी लेकिन उसका विकेट हमारे लिये अहम था।' कप्तान ने कहा कि अफगानिस्तान में जश्न का माहौल होगा। उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए भी बड़ी उपलब्धि है। हमने अंडर 19 स्तर पर यह किया है लेकिन इस स्तर पर नहीं। मैं बयां नहीं कर सकता कि देश में क्या माहौल होगा। हमें हर हालत में सेमीफाइनल में पहुंचना था ताकि देशवासियों को यह खुशी दे सकें।'

# भारत को तीरंदाजी में ओलंपिक कोटा, दीपिका और तरूणदीप चौथी बार खेलेंगे




नई दिल्ली। पिछले 12 साल में पहली बार भारत ओलंपिक में पूरा छह सदस्यीय दल भेजेगा जो पेरिस ओलंपिक में सभी पांच वर्गों में भाग ले सकेगा। भारत ने सोमवार को विश्व तीरंदाजी की नवीनतम रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल कर लिया। भारत इस तरह से पेरिस में सभी पांच पदक स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियों) में प्रतिस्पर्धा करने का पात्र होगा। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर टीम कोटा पक्का किया। पिछली बार भारत ने लंदन ओलंपिक 2012 में छह सदस्यीय तीरंदाजी टीम भेजी थी जिसने चार वर्गों में भाग लिया। मिश्रित टीम स्पर्धायें तोक्यो ओलंपिक से ही शुरू हुई है। भारत ने तीरंदाजी में कभी ओलंपिक पदक नहीं जीता है। पुरुष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में भारत के अलावा इंडोनेशिया कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश रहा। ओलंपिक में 12 देश टीम स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह पहली बार है जब तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाहर रहने वाले शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है। अनुभवी तीरंदाज तरूणदीप रॉय और दीपिका कुमारी रिकॉर्ड चौथी बार ओलंपिक में चुनौती पेश करेंगे। सेना के 40 साल के दिग्गज तरूणदीप ने 2004 में एथेंस ओलंपिक में पहली बार देश का प्रतिनिधित्व किया था। जबकि दीपिका का यह लगातार चौथा ओलंपिक होगा। उन्होंने 2012 में लंदन में पहली बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया था। धीरज बोम्मदेवरा, अंकिता भकत और भजन कौर ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, जबकि प्रवीण जाधव का तोक्यो के बाद यह लगातार दूसरा ओलंपिक खेल होगा। भारतीय टीम- पुरुष- तरुणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव। महिला- दीपिका कुमारी, भजन कौरऔर अंकिता भकत। कोच - बाएक वूंगकी, पूर्णिमा महतो और सोनम शेरिंग भूटिया।

# पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे घुड़सवार अनुष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुष ने बेहतर औसत के कारण करीबी मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा। भारतीय घुडसवारी महासंघ (ईएफआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में टीम ड्रेसेज स्पर्धा का स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा का कांस्य पदक जीतने वाले अनुष को श्रुति पर तरजीह दी गई। दोनों खिलाड़ियों के हाल के प्रदर्शन के विश्लेषण के बाद अनुष को चुना गया।

ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार कोई भारतीय घुड़सवार हिस्सा लेगा। इससे पहले भारत के घुड़सवारों ने इवेंटिंग स्पर्धा में ही हिस्सा लिया है। अनुष (अपने घोड़े सर कैरामेलो ओल्ड के साथ) ने पिछले साल शुरू हुए क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और न्यूनतम पात्रता आवश्यकता (एमईआर) को चार बार पूरा किया जबकि अनुभवी श्रुति ने इस महीने दो बार एमईआर हासिल किया। उनका औसत स्कोर 67.695 प्रतिशत था जो श्रुति के 67.163 प्रतिशत से बेहतर था। ईएफआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार पेरिस खेलों में पात्र होने के लिए राइडर और घोड़े के संयोजन को एक जनवरी 2023 और 24 जून 2024 के बीच दो बार न्यूनतम 67 प्रतिशत हासिल करना आवश्यक है। ईएफआई चयन मानदंडों के अनुसार यदि एक से अधिक खिलाड़ी पात्र हैं तो पिछले एक वर्ष में सर्वश्रेष्ठ चार स्पर्धाओं में से ग्रां प्री में उच्चतम औसत वाले खिलाड़ी को भाग लेने के लिए चुना जाएगा। ईएफआई की कार्यकारी परिषद ने अनुष को सर्वसम्मति से चुना। फवाद मिर्जा ने 2020 तोक्यो खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले इम्तियाज अनीस ने 2000 सिडनी खेलों में शिरकत की थी जबकि इंद्रजीत लांबा ने 1996 अटलांटा खेलों में हिस्सा लिया था। जितेंद्रजीत सिंह अहलुवालिया, हुसैन सिंह, मोहम्मद खान और दारया सिंह 1980 मास्को खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।



# यूएफा अब खिलाड़ियों की सुरक्षा और बढ़ाएगा

फ्रैंकफर्ट। यूरोपीय फुटबॉल संघ (यूईफा) अब खिलाड़ियों की सुरक्षा और सख्त करने जा रहा है। फुटबॉल संघ का कहना है कि यूरोपीय चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों तक प्रशंसकों की पहुंच रोकने के लिए मैदान के बाहर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ प्रशंसकों के सेल्फी लेने के प्रयास को देखते हुए अब यूएफा अब कोई खतरा नहीं उठाना चाहता और वह पूरी तरह सतर्क हो गया है। उसका कहना हे कि तकरीबन छह प्रशंसकों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने के प्रयास किये थे। ऐसे में सभी स्टेडियमों में सुरक्षा बढ़ा दी जाएगी। यूईफा ने कहा, ''मैदान पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण ऐसा करने वाले को स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा, टूर्नामेंट के सभी मैचों से प्रतिबंधित कर दिया जायेगा और मैदान में घुसने के लिए आपराधिक शिकायत भी दर्ज की जायेगी।'' पुर्तगाल की तुर्की पर मिली 3-0 की जीत के दौरान चार प्रशंसक सेल्फी लेने के लिए रोनाल्डो का पीछा करते हुए मैदान पर आ गये थे। मैच खत्म होने के बाद और भी खेल प्रेमियों ने सेल्फी लेने की कोशिश की हालांकि वे सिर्फ सेल्फी लेना चाहते थे पर टूर्नामेंट सुरक्षा योजना के अंतर्गत खिलाड़ियों को किसी भी नुकसान से बचाना भी शामिल है। यूएफा खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं करना चाहती है।

# रेडियो तरंगों के लिए 10वीं स्पेक्ट्रम नीलामी शुरू

**नई दिल्ली ।**

रेडियो तरंगों के लिए स्पेक्ट्रम की 96,238 करोड़ रुपये मूल्य की नीलामी मंगलवार को शुरू हो गई। इसमें एयरटेल और रिलायंस जियो जैसी कंपनियों द्वारा बोली लगाने की उम्मीद है जिससे उनकी 5जी सेवाओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी। रेडियो तरंगों की बिक्री प्रक्रिया 2010 में ऑनलाइन शुरू होने के बाद से यह 10वीं स्पेक्ट्रम नीलामी है। आखिरी बार अगस्त 2022 में नीलामी हुई थी, जिसमें पहली बार 5जी सेवाओं के लिए रेडियो तरंगें शामिल की गईं थीं। बयान के अनुसार मौजूदा दूरसंचार सेवाओं को बढ़ाने और सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के लिए सरकार मंगलवार 25 जून 2024 को स्पेक्ट्रम नीलामी होगी। यह सभी नागरिकों को सस्ती, अत्याधुनिक उच्च गुणवत्ता वाली दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने स्पेक्ट्रम नीलामी शुरू की है। इसके लिए आठ मार्च को आवेदन आमंत्रण नोटिस (एनआईए) जारी किया गया था। गौरतलब है कि 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1800 मेगाहट्र्ज, 2100 मेगाहट्र्ज, 2300 मेगाहट्र्ज, 2500 मेगाहट्र्ज, 3300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज बैंड में उपलब्ध सभी स्पेक्ट्रम 10वीं नीलामी का हिस्सा हैं। रिलायंस जियो ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए



सबसे अधिक 3,000 करोड़ रुपये की बयाना राशि जमा की है। इस आधार पर कंपनी अधिकतम रेडियो तरंगों के लिए बोली लगा सकती है। दूरसंचार विभाग के मुताबिक भारती एयरटेल ने 1,050 करोड़ रुपये और वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने 300 करोड़ रुपये की बयाना राशि जमा की है। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया` लिमिटेड अपने स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क को कम करने के लिए विशेष रूप से 26 गीगाहट्र्ज बैंड में रणनीतिक अधिग्रहण पर ध्यान केंद्रित कर सकती है।

# जेपी मोरगन बांड में शा मिल होंगे भारत के सरकारी बांड




**नई दिल्ली ।**

भारत के सरकारी बॉन्ड को 28 जून से जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट बॉन्ड इंडेक्स में शामिल किया जा रहा है। इससे थाईलैंड, पोलैंड और चेक गणराज्य जैसे देशों की वेटेज अगले 10 महीनों में कम हो सकती है। इस तरह से इन देशों के बॉन्ड इस इंडेक्स में पहले जितना अहम नहीं रहेंगे। यह जानकारी बाजार विश्लेषकों ने हाल ही के एक नोट में दी। भारत को इस इंडेक्स में 10 फीसदी की हिस्सेदारी देने के लिए, बाकी देशों की हिस्सेदारी कम करनी पड़ेगी। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि चिंता की बात नहीं है, क्योंकि भारत को धीरे-धीरे 10 महीने में शामिल किया जाएगा, तो बाकी देशों की हिस्सेदारी में भी धीरे-धीरे ही कमी होगी। इंडेक्स में बाकी उभरते बाजारों के लिए वेटेज में कमी का असर कम होगा, क्योंकि उनकी बाजार हिस्सेदारी पहले से ही बड़ी है। वहीं, थाईलैंड, पोलैंड और चेक गणराज्य की वेटेज में सबसे ज्यादा कमी आने की संभावना है। भारत के सरकारी बॉन्डों में विदेशी निवेशकों का अच्छा रुझान देखने को मिला है। 21 सितंबर, 2023 को इस इंडेक्स में शामिल किए जाने की घोषणा के बाद से अब तक कुल 10.4 बिलियन का निवेश आया है। इसकी तुलना में, 2023 के पहले आठ महीनों में सरकारी बॉन्डों में केवल 2.4 बिलियन का ही निवेश आया था। गौरतलब है कि 2021 और 2022 में तो हर साल लगभग 1 बिलियन का विदेशी निवेश बाहर निकल रहा था।

# लेनोवा टेब प्लस 8 जेबीएल स्पीकर्स से है लैस

## -टैबलेट के जरिए म्यूजिक या पॉडकास्ट कर सकते हैं स्ट्रीम

**नई दिल्ली ।**

स्मार्टफोन सहित अन्य इलेक्ट्रानिक्स प्रोडक्ट का निर्माण करने वाली कंपनी लेनोवा द्वारा लेनोवा टेब प्लस को लॉन्च कर दिया गया है। कंपनी का यह प्रोडक्ट कई खूबियों से लैस है। ये टैबलेट डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट वाले आठ जेबीएल स्पीकर और 11.5 इंच की 2के एलसीडी स्क्रीन से लैस है। इसे ब्लूटूथ स्पीकर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे यूजर्स टैबलेट के जरिए म्यूजिक या पॉडकास्ट स्ट्रीम कर सकते हैं। इस टैबलेट में मीडियाटेक हेलियो जी99 प्रोसेसर दिया गया है और ये एंड्रॉयड 14 आउट-ऑफ-द-बॉक्स चलाता है। इसमें 45वॉट वायर्ड फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 8,600 एमएएच की बैटरी है। कंपनी ने अभी तक साफ नहीं की है कि लेनोवो टैब प्लस भारत में लॉन्च होगा या नहीं। लेनोवा टेब प्लस फिलहाल चुनिंदा ग्लोबाल बाजारों में लगभग 25,000 रुपये या लगभग 24,200 रुपये की शुरुआती कीमत पर खरीदने के लिए उपलब्ध है। टैबलेट को सिंगल लूना ग्रे शेड और दो रैम और स्टोरेज कॉन्फ़िगरेशन - 8जीबी + 128जीबी और 8जीबी + 256जीबी में पेश किया गया है। लेनोवो टैब प्लस में 11.5 इंच की 2के (2,000 गुणा 1,200 पिक्सल) एलसीडी स्क्रीन है, जिसका रिफ्रेश रेट 90 एचझेड और ब्राइटनेस 400नीटस है। इसमें 8जीबी रैम और 256जीबी तक ऑनबोर्ड स्टोरेज के साथ मीडियाटेक हीलियो जी99 प्रोसेसर दिया गया है। ये टैबलेट एंड्रॉयड 14 पर चलता है। कैमरे की बात करें तो लेनोवो टैब प्लस के रियर में ऑटोफोकस वाला 8 मेगापिक्सल सेंसर और फ्रंट में फिक्स्ड फोकस वाला 8 मेगापिक्सल सेंसर है। टैबलेट में डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट के साथ आठ जेबीएल स्पीकर हैं, जो इसे कई बार ब्लूटूथ स्पीकर के रूप में काम करने में मदद करते हैं। इस टैबलेट में कनेक्टिविटी के लिहाज से वायफाय 5, ब्लूटूथ 5.2 और यूएसबी टाइप-सी पोर्ट का सपोर्ट मौजूद है। इस टैब में 3.5 एमएम ऑडियो जैक और माइक्रोएसडी कार्ड स्लॉट दिया गया है। यूजर्स टैबलेट के जरिए स्मार्टफोन जैसे दूसरे ब्लूटूथ डिवाइस से म्यूजिक स्ट्रीम कर सकते हैं। ये एक ऐप को भी सपोर्ट करता है जो बेहतर ऑडियो सेटिंग्स के साथ वॉल्यूम कंट्रोल की अनुमति देता है।

# नोएडा एयरपोर्ट से अगले साल अप्रैल तक उड़ान सेवा शुरू होगी

**नई दिल्ली ।**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अप्रैल, 2025 तक उड़ान सेवा शुरू कर सकता है। इससे पहले निर्माण में देरी के कारण सितंबर, 2024 की समय सीमा चूक गई थी। हाल ही में दिल्ली से लगभग 75 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर इलाके में बन रहे अत्याधुनिक हवाई अड्डे के निर्माण कार्यों में देरी की खबरें आई थीं। हवाई अड्डे के सितंबर, 2024 तक उड़ान संचालन शुरू करने की योजना थी। हवाई अड्डे से संबें धित एक अे धिकारी ने कहा मौजूदा निर्माण स्थिति को देखते हुए अप्रैल, 2025 के अंत तक वाणिज्यिक संचालन शुरू करने की उम्मीद है। बयान में आगे कहा गया` कि हम अपने ईपीसी ठेकेदार टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि निर्माण गतिविधियों की गति और परिचालन की तैयारी को तेज रखा जा सके। नोएडा इंटरनेशनल



एयरपोर्ट से उड़ान संपर्क के लिए कई एयरलाइन कंपनियों के साथ समझौते किए गए हैं। निर्माण कार्य उन्नत चरणों में है। बयान के मुताबिक नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर निर्माण और विकास कार्य अग्रिम चरण में है और हम परिचालन तत्परता की राह में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह एक बड़ी और जटिल परियोजना है, और निर्माण गतिविधियों के अगले कुछ सप्ताह महत्वपूर्ण हैं।

# आईआरसीटीसी छह महीने में कैटरिंग सेवा सुधारेः रेल मंत्री

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रेल की ट्रेनों में कैटरिंग सर्विस संभालने के लिए सरकार ने एक अलग कंपनी बनाई है। इसका नाम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन है। इस कंपनी की सक्रियता के बावजूद रेलगाड़ी में खराब खाना परोसे जाने की आए दिन खबर आती रहती है। यहां तक कि वीवीआईपी ट्रेन वंदे भारत के भोजन में भी कॉकरोच निकल रहे हैं। अब रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस मामले पर खुद संज्ञान लिया है। रेलवे बोर्ड से जुड़े आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि रेल मंत्री ने हाल ही में ट्रेन में खानपान की क्वालिटी और उसके हाइजीन को लेकर आईआरसीटीसी से सवाल पूछा। वह कंपनी से मिले जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। उसके बाद मंत्री ने कहा कि ट्रेन के सभी पेंट्री कार में जहां खाना पकाया जाता है, जहां सामानों की स्टोरेज होती है और जहां भोजन की पैकिंग होती है, उसकी मिशन मोड पर डीप क्लीनिंग करें। यही नहीं आईआरसीटीसी ने जिन 1000 लोकेशंस पर अपना बेस किचन या सेंट्रल किचन बना रखा है, उसे भी अपग्रेड करें।

यह काम अगले छह महीने में हो जाना चाहिए। इन दिनों रेलवे कैटरिंग खास कर चलती ट्रेन में मिलने वाले भोजन की शिकायत खूब बढ़ गई है। अति वीवीआईपी ट्रेन वंदे भारत के खाने की शिकायत तो अक्सर सोशल मीडिया पर दिखती है। पिछले हफ्ते 18 जून को एक पैसेंजर भोपाल से आगरा तक वंदे भारत में सफर कर रहा था।

उन्हें जो भोजन परोसा गया, उसमें कॉकरोच मिला। उक्त पैसेंजर ने इसका फोटो भी सोशल मीडिया पर डाला था। इसके बाद आईआरसीटीसी ने उस वेंडर पर कुछ जुर्माना भी लगाया था।

## वेतन आयोग बनाने और अमीरों पर टैक्स लगाने की मांग

**नई दिल्ली ।** अमीरों पर वेल्थ टैक्स लगे, ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल हो, सैलरीड क्लास को इनकम टैक्स में ज्यादा छूट मिले, बेरोजगारी घटाने के उपाय हो, आठवां वेतन आयोग बने, कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स को रेगुलर किया जाए, मनरेगा में मिनिमम वेज बढ़े और सरकारी विभागों में नए पद बनाने पर रोक हटे। ये कुछ प्रमुख सुझाव रहे, जो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को मिले। सीतारमण ने सीतारमण हाल ही में प्री बजट मीटिंग में ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों से चर्चा की। बैठक में भारतीय मजदूर संघ, हिंद मजदूर सभा सहित 12 ट्रेड यूनियनों के नेताओं ने हिस्सा लिया। हिंद मजदूर सभा के महासचिव हरभजन सिंह ने बताया कि 10 यूनियनों ने संयुक्त प्रस्ताव वित्त मंत्री को दिया। सुपर रिच 10 फीसदी लोगों पर 2 फीसदी वेल्थ टैक्स लगाया जाए। यह पैसा गरीबों, मजदूरों की सोशल सिक्योरिटी स्कीम्स में लगे। ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल हो। सिंह ने कहा` कि लेबर रिफॉर्म्स के नाम पर कुछ भी करने से पहले इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस की मीटिंग कराई जाए, जो 2015 से नहीं हुई है। सरकारी विभागों में नए पदों के सृजन पर रोक भी खत्म हो और मनरेगा में मिनिमम वेज बढ़े।

## यूरोनिक्स की कारोबार को 400 करोड़ तक पहुंचाने की योजना

**नई दिल्ली।**

सार्वजनिक शौचालय स्वचालन कंपनी यूरोनिक्स 2025-26 तक अपना कारोबार दोगुना कर 400 करोड़ रुपये तक पहुंचाने की योजना बना रही है। कंपनी का गुरुग्राम में नया विनिर्माण संयंत्र शुरू होने पर उसके 50 प्रतिशत ठेके पूरे करने की क्षमता रखता है। यूरोनिक्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विकनेश जैन ने कहा, '' पिछले वित्त वर्ष में हमारा कारोबार 200 करोड़ रुपये के आसपास था. इस साल हम 280 करोड़ रुपये से 290 करोड़ रुपये के करीब पहुंच रहे हैं और वित्त वर्ष 2025-26 में हमारा लक्ष्य 400 करोड़ का कारोबार करना है। उन्होंने कहा कि 2002 में स्थापित यूरोनिक्स भारत के सार्वजनिक व वाणिज्यिक शौचालय क्षेत्र में प्रमुख कंपनी है। कंपनी के अनुसार, गुरुग्राम में उसका नया विनिर्माण संयंत्र शुरू होने पर उसके 50 प्रतिशत ठेका पूरे करेगा। यूरोनिक्स के वर्तमान में जामनगर, ग्रेटर नोएडा और भिवाड़ी में संयंत्र हैं।

## मई में रत्न-आभूषण आयात 23.61 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली ।** भारतीय रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार मई, 2024 में देश में रत्न-आभूषणों के आयात में 23.61 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है जबकि इस दौरान इसका निर्यात 6.14 फीसदी कम हो गया है। मई में रत्न-आभूषणों का समग्र आयात पिछले वर्ष के इसी माह के 1.53 अरब डालर (12625.59 करोड़ रुपए) की तुलना में 1.89 अरब डॉलर (15794.26 करोड़ रुपए) रहा। इसे घरेलू बाजार में मजबूत मांग का परिणाम माना जा रहा है क्योंकि देश आगामी त्यौहारी सीजन के लिए तैयार हो रहा है। मई 2024 में रत्न एवं आभूषणों का सकल निर्यात 2.48 अरब डालर (20713.370 करोड़ रुपए) से कुछ अधिक रहा जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के करीब 2.65 अरब डॉलर (21795.65 करोड़ रुपए) की तुलना में 6.14 गिरावट दिखाता है। एक ज्वेलरी कारोबारी ने कहा कि रत्न एवं आभूषण उद्योग एक साल से अधिक समय से चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। पहले रूस और यूक्रेन के बीच और फिर इज़राइल और हमास के बीच भू-राजनीतिक तनाव के फैलने से निर्यात पर गहरा असर पड़ा है क्योंकि विदेशी बाजारों में मांग अस्थिर रही है। इसके अलावाइस साल 60 से ज़्यादा देशों में चुनाव होने हैं, जो एक और महत्वपूर्ण घटना है, जिससे इन देशों में व्यापार में और बाधा आ सकती है। उन्होंने कहा कि इन वैश्विक घटनाओं पर कड़ी नजर रखने की ज़रूरत है क्योंकि ये आगे चलकर साल के बाकी समय में व्यापार गतिविधियों की दिशा तय करेगी।

## एयरटेल इंडस टावर्स में और हिस्सेदारी बढ़ाएगा

**नई दिल्ली ।** दूरसंचार क्षेत्र की दिग्गज कंपनी भारती एयरटेल टेलीकॉम टावर्स कंपनी इंडस टावर्स में अतिरिक्त 3 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए वोडाफोन पीएलसी के साथ चर्चा कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले हफ्ते वोडाफोन ग्रुप ने ब्लॉक डील में इंडस टावर्स में 18 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी करीब 15,300 करोड़ रुपये में बेची थी। इसके साथ ही वोडाफोन समूह के पास अब इंडस टावर्स में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी रह गई है। यदि एयरटेल प्रस्तावित अतिरिक्त 3 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने में सफल हो जाता है, तो टेलीकॉम दिग्गज 52 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ इंडस टावर्स में बहुसंख्यक शेयरहोल्डर बन जाएगी। पिछले हफ्ते ही भारती एयरटेल ने इंडस टावर्स में अपनी हिस्सेदारी 1 प्रतिशत बढ़ाई, जिससे कंपनी में इसकी कुल हिस्सेदारी लगभग 49 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक भारती एयरटेल इंडस टावर्स को अपने डेटा सेंटर बिजनेस, नेक्स्ट्रा के साथ विलय करने की योजना बना रही है। इंडस टावर्स से प्राप्त नकदी का उपयोग नेक्स्ट्रा के विस्तार के लिए किया जाएगा। इस मर्जर का उद्देश्य एयरटेल के टेलीकॉम बिजनेस को ज्यादा एसेट-लाइट बनाने और कंपनी को ज्यादा वैल्यूएबल बनाना है। इसके साथ ही कार्लाइल को अपने निवेश से बाहर निकलने का अवसर भी प्रदान करना है।




# शेयर बाजार पहली बार 78 हजार से ऊपर पहुंचा

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार का रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी बैंकिग शेयरों में भारी खरीददारी से आया है। आज दोनो ही इंडेक्स रिकार्ड बनाकर अपने सर्वोच्च स्तर पर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 712.44 अंक करीब 0.92 फीसदी ऊपर आकर 78,053.52 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 183.45 अंक तकरीबन 0.78 फीसदी उछलकर 23,721.30 अंक पर बंद हुआ। ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस लाभ में रहे जबकि पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, नेस्ले, मारुति और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर गिरे। बाजार जानकारों के अनुसार बैंकिग शेयरों से बाजार को बल मिला हालांकि रियल्टी, बिजली, धातु और जैसे सेक्टर में मुनाफावसूली से इस तेजी पर कुछ हद तक अंकुश लगा। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में, सियोल, टोक्यो और हांगकांग उच्च स्तर पर बंद हुए जबकि शंघाई निचले स्तर पर




बंद हुआ। यूरोपीय बाजार नकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। वहीं गत दिवस अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख पर बंद हुए। इससे पहले आज सुबह बाजार ने तेजी के साथ शुरुआत की। बीएसई सेंसेक्स 180 अंक बढ़कर 77,518.89 के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर एनएसई का निफ्टी 50 46 अंक बढ़कर 23,584.25 के स्तर पर पहुंच गया। अल्ट्राटेक सीमेंट और एसबीआई बीएसई पर टॉप गेनर्स बने, जबकि एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स की लिस्ट में शामिल हुए। इसी प्रकार एनएसई पर` डिवीज लैब और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स रहे, जबकि एशियन पेंट्स और एचसीएल टेक टॉप लूजर्स बने। व्यापक बाजार ऊंचे स्तर पर कारोबार करते दिखे और बेंचमार्क सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन करते नजर आए। निफ्टी स्मॉलकैप 0.90 फीसदी चढ़ा जबकि मिडकैप 0.51 फीसदी बढ़कर कारोबार करता दिखा। सेक्टोरल स्तर पर, निफ्टी मीडिया ने 1 फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ नेतृत्व किया, इसके बाद फार्मा 0.54 फीसदी ऊपर रहा।

# ओएनडीसी यूजर चार्ड लगाना शुरू कर सकता

**नई दिल्ली ।**

मोदी सरकार की ओर से विकसित ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) चालू वित्त वर्ष 2024-25 में यूजर चार्ड लगाना शुरू कर सकता है। हालांकि, शुल्क कितना लगेगा, इस लेकर अभी कुछ निर्णय नहीं लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, यह शुल्क कम होगा और प्रत्येक ट्रांजैक्शन पर लगाए जाने की संभावना है। शुल्क का भुगतान या विक्रेता, या खरीदार, या दोनों को करना पड़ सकता है। ओएनडीसी के प्रबंध निदेशक और सीईओ टी. कोशी ने बताया, हम नेटवर्क की ग्रोथ का मूल्यांकन करने और सही समय पर फैसला लिया जाएगा। इसका लक्ष्य छोटे, स्थानीय विक्रेताओं को शामिल करना भी है जो कभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नहीं रहे हैं। फिलहाल, ओएनडीसी का कोई रेवेन्यू मॉडल नहीं है। लेकिन इसके लागत कम हैं, क्योंकि यह सिर्फ एक नेटवर्क प्रोवाइडर है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की तरह, ओएनडीसी भी एक यूटिलिटी की तरह है। लेकिन हर सुविधा की एक लागत होती है, जैसे यूपीआई की भी है और किसी को उस लागत को उठाना पड़ता है। इसी वजह से ओएनडीसी यूजर चार्ड लगाने पर विचार करेगा ताकि लागतें पूरी हो सकें और यह भी देखेगा कि बाजार इन शुल्कों के लिए कब तैयार हो सकता है। ओएनडीसी पहले से ही पूरे भारत में




ओपरेशनल है। साथ ही इसके डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी पूरा कर लिया गया है और इस व्यवसायों और आम जनता के लिए शुरू कर दिया गया है। इससे 5 लाख से अधिक विक्रेता जुड़ चुके हैं, इसमें से 70 प्रतिशत से अधिक छोटे या मध्यम विक्रेता हैं। इस साल मई में, ओएनडीसी ने लगभग 90 लाख लेनदेन की सुविधा प्रदान की, जो मई 2023 में 1.5 मिलियन से काफी अधिक है। पिछले महीने, ओएनडीसी के साथ जुड़ने में 125 स्टार्टअप ने दिलचस्पी दिखाई थी। इसमें जीरोधा, ईजमाईट्रिप और कार्स24 जैसे तेजी से बढ़ रहे व्यवसाय तथा यूनिकॉर्न शामिल हैं।

## केंद्र ने गेहूं पर भंडारण सीमा तय की

**नई दिल्ली ।** केंद्र ने थोक और खुदरा विक्रेताओं के साथ प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं भंडार रखने की सीमा को तय कर दिया। इस पहल का मकसद जमाखोरी को रोकना और कीमतों को काबू में रखना है। गेहूं पर स्टॉक सीमा 31 मार्च, 2025 तक वैध रहेगी। केंद्र ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के किसी भी प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया और कहा कि खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए जरूरत पड़ने पर खाद्यान्न पर आयात शुल्क में कमी सहित अन्य नीतिगत विकल्पों पर विचार किया जा सकता है। वर्तमान में गेहूं पर 40 प्रतिशत आयात शुल्क है। निर्णय की घोषणा करते हुए केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है और बाजार में सट्टेबाजी और खाद्यान्न की जमाखोरी को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। चोपड़ा ने कहा` कि मैं देश में गेहूं की कमी को दूर करना चाहता हूं। हम चाहते हैं कि गेहूं की कीमतें स्थिर रहें। पिछले हफ्ते केंद्र ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए तुअर और चना दालों पर स्टॉक सीमा लगा दी थी। चोपड़ा ने कहा कि स्टॉक सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू होगी। उन्हें हर शुक्रवार को एक पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक की घोषणा करनी होगी। यदि उनके पास मौजूद स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक है तो उन्हें इस अधिसूचना के जारी होने के 30 दिनों के भीतर इसे निर्धारित स्टॉक सीमा तक लाना होगा।

## रिमेडियम को ब्रिटेन से मिला 175 करोड़ का ऑर्डर

**नई दिल्ली ।** रिमेडियम लाइफ केयर लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया` कि उसे ब्रिटेन की एस्टर बायोटेक लिमिटेड से 175 करोड रुपए का एक आर्डर मिला है। इसके बाद मंगलवार को रिमेडियम लाइफ केयर के शेयरों में अच्छी तेजी दर्ज की जा रही थी। रिमेडियम के शेयरों का 52 हफ्ते का उच्च स्तर 179.60 रुपये जबकि 52 हफ्ते का निचला स्तर 66.25 रुपए है। एस्टर बायोटेक ब्रिटेन की फर्म डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी है इससे रिमेडियम को ब्रिटेन के बाजार में कई फार्मा प्रोडक्ट सप्लाई करने का मौका मिलेगा। करीब 3 साल के लिए कंपनी को यह कॉन्ट्रेक्ट मिला है। इसमें एक्टिव फार्मा इंग्रेडिएंट्स, इंटरमीडिएट और स्पेशलिटी केमिकल जैसे प्रोडक्ट की सप्लाई करनी है। रिमेडियम के ग्लोबल फार्मा सप्लाई चैन के लिहाज से यह बहुत महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले रिमेडियम लाइफ केयर के बोर्ड ने तीन अनुपात एक के अनुपात में बोनस शेयर की घोषणा की थी। यानी कि शेयरधारकों को एक मौजूदा शेयर के लिए तीन बोनस शेयर दिया जा रहा है।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in